● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 189, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार , 19 अगस्त 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



समर्थन जुटाने राजनाथ सिंह ने की खरगे से बात 5

गिल की पहेली को सुलझाना सबसे बड़ी चुनौती 6

## भारत और चीन शांति-सौहार्द बनाए रखने पर सहमति

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमारी प्राथमिकता : जयशंकर

**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने सोमवार को विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने सीमा विवाद, द्विपक्षीय संबंधों को लेकर चर्चा की। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि दोनों देश रिश्तों के खराब दौर से गुजरें हैं, लेकिन अब भारत-चीन आगे बढ़ना चाहते हैं। वहीं चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि हमने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखा है। वांग यहां पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से भी मुलाकात करेंगे।



चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लड़ाई प्रमुख प्राथमिकता है। मैं हमारे विचारों के आदान-प्रदान की प्रतीक्षा कर रहा हूं। कुल मिलाकर उम्मीद है कि हमारी चर्चा भारत और चीन के बीच एक स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंध बनाने में योगदान देगी। जो हमारे हितों की पूर्ति करेगा और हमारी चिंताओं का समाधान करेगा। आप चीन में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन से ठीक पहले भारत आएं हैं। हमने इसकी अध्यक्षता के दौरान चीनी पक्ष के साथ मिलकर काम किया है। हम आपके लिए अच्छे परिणामों और निर्णयों के साथ एक सफल शिखर सम्मेलन की कामना करते हैं।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच 24वें दौर की वार्ता के लिए आपका और आपके प्रतिनिधिमंडल का मैं भारत में स्वागत करता हूं। अक्तूबर 2024 में कजान में हमारे नेताओं की मुलाकात के बाद से यह किसी चीनी मंत्री की पहली यात्रा भी है। यह अवसर हमें अपने द्विपक्षीय संबंधों को पूरा करने और समीक्षा करने का अवसर प्रदान करता है। यह वैश्विक स्थिति और आपसी हित के कुछ मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का भी उपयुक्त समय है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हमारे संबंधों में एक कठिन दौर देखने के बाद दोनों राष्ट्र अब आगे बढ़ना चाहते हैं। इसके लिए दोनों पक्षों की ओर से एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उस प्रयास में हमें तीन पारस्परिक बातों आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित का ध्यान रखना चाहिए। मतभेद विवाद नहीं बनने चाहिए और न ही प्रतिस्पर्धा, संघर्ष बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप कल हमारे विशेष प्रतिनिधि एनएसए अजीत डोभाल के साथ सीमा मुद्दों पर चर्चा करेंगे। यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे संबंधों में किसी भी सकारात्मक गति का आधार सीमा क्षेत्रों में संयुक्त रूप से शांति बनाए रखने की क्षमता है। यह भी आवश्यक है कि डी-एस्केलेशन प्रक्रिया आगे बढ़े।

उन्होंने कहा कि जब दुनिया के दो सबसे बड़े देश मिलते हैं, तो स्वाभाविक है कि अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर चर्चा होगी। हम एक निष्पक्ष, संतुलित और बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था चाहते हैं। जिसमें एक बहुध्रुवीय एशिया भी शामिल हो। बहुपक्षवाद में सुधार भी आज की आवश्यकता है। वर्तमान परिवेश में वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता बनाए रखना और उसे बढ़ाना स्पष्ट रूप से आवश्यक है।

## सीएम डॉ. यादव ने की पीएम मोदी से मुलाकात

### भोपाल मेट्रो शुभारंभ और किसान सम्मेलन में आने का दिया न्योता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान सीएम ने पीएम मोदी को भोपाल मेट्रो ट्रेन के शुभारंभ और किसान सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने संसद भवन में प्रधानमंत्री से भेंट की। सीएम ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश में औद्योगिकरण और स्वदेशी अभियान की दिशा में बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साधने के लिए मध्यप्रदेश में गुणवत्ता युक्त उत्पाद बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पिछले डेढ़ साल से औद्योगिकीकरण का बड़ा अभियान चल रहा है। इसके तहत अब तक 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए जा चुके हैं और करीब 21 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना बनी है। सीएम ने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार इसी गति से काम करती रहेगी और राज्य को निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़ाएगी। बता दें राजधानी में भोपाल मेट्रो अक्टूबर में शुभारंभ करने का लक्ष्य तय किया है। भोपाल में सुभाष नगर से एम्स तक मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू होगा। यहां आठ स्टेशन है। हाल ही में मुख्यमंत्री ने इस रूट पर चल रहे काम का निरीक्षण किया था और उन्होंने तय समय के अनुसार सभी काम पूरा करने को कहा था। वहीं, अक्टूबर में ही किसान सम्मेलन का आयोजन होना प्रस्तावित है। इसमें कृषि क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले ओर मिलेट्स का उत्पादन करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाएगा।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को किया फोन

### अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बैठक पर चर्चा

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया। फोन कॉल पर पुतिन ने पीएम मोदी को अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में पुतिन के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन को उनके फोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी हालिया मुलाकात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है। इस संबंध में सभी प्रयासों का भारत समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 15 अगस्त को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक की थी। इस बैठक में यूक्रेन में युद्ध विराम को लेकर चर्चा की गई। हालांकि, इसमें रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में संघर्ष विराम लागू करने पर सहमति नहीं बनी। यह बैठक ऐसे वक्त में हुई थी जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर रूस से तेल खरीदने पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी और अमेरिका के कदम को अन्यायपूर्ण और बेतुका करार दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। अब रूसी राष्ट्रपति और पीएम मोदी के बीच बातचीत से साफ है कि अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ रूस भारत के साथ खड़ा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई मौकों पर कह चुके हैं कि उनकी तरफ से भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ का असर देखने को मिला है और पुतिन इसी वजह से उनके साथ बैठक के लिए तैयार हुए हैं।

## पटना में एसटीईटी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा से पहले पात्रता परीक्षा कराने की मांग को लेकर सोमवार को सैकड़ों अभ्यर्थी पटना की सड़कों पर उतर आए। अभ्यर्थियों ने पटना कॉलेज से पैदल मार्च शुरू किया और मुख्यमंत्री आवास तक जाने की कोशिश की।

डाकबंगला चौराहा पर पुलिस ने अभ्यर्थियों को रोक लिया और वहां बैरिकेडिंग कर दी। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन अभ्यर्थी अपनी मांग पर अड़े रहे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

## पंडित नेहरू ने निजी महत्वाकांक्षा के आगे राष्ट्रीय हित की तिलांजलि दी: नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के सीरीज में लिखा- 1960 की सिंधु जल संधि, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सबसे बड़ी भूलों में से एक थी, जिसमें राष्ट्रीय हितों को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं की बलिवेदी पर रखा गया था। देश को यह जानना चाहिए कि जब पूर्व पंडित नेहरू ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए थे, तो उन्होंने एकतरफा तौर पर सिंधु बेसिन का 80 प्रतिशत जल पाकिस्तान को सौंप दिया था, जिससे भारत के पास केवल 20 प्रतिशत हिस्सा रह गया



था। यह एक ऐसा निर्णय था जिसने भारत की जल सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों को हमेशा के लिए खतरे में डाल दिया। जेपी नड्डा ने आगे लिखा- सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि यह संधि सितंबर 1960 में हस्ताक्षरित हुई, लेकिन संसद में इसे दो महीने बाद नवंबर में रखा गया। चर्चा भी केवल प्रतीकात्मक रही- सिर्फ 2 घंटे। संसद की अनदेखी ने पूरे राष्ट्र को आहत किया। जेपी नड्डा के अनुसार, नेहरू के इस फैसले का विरोध उनकी अपनी पार्टी के सांसदों ने किया। अशोक मेहता ने इस संधि को दूसरा विभाजन बताया था। वहीं ए.सी. गुहा ने पाकिस्तान को 83 करोड़ रुपये स्टर्लिंग देने की आलोचना करते हुए इसे मूर्खता की पराकाष्ठा करार दिया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि संसद को दरकिनार करना तानाशाही सरकार का रवैया है। भाजपा अध्यक्ष ने आगे पोस्ट में बताया कि उस समय युवा सांसद अटल बिहारी वाजपेयी ने नेहरू के तर्कों को खारिज करते हुए कहा कि पाकिस्तान की अनुचित मांगों को मान लेना दोस्ती की गारंटी नहीं हो सकता।

## सीएम ममता का बड़ा एलान, रोजगार मिलने तक प्रवासी श्रमिकों को 5000 प्रति माह देगी सरकार

**कोलकाता।** प्रवासी श्रमिकों को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा तोहफा दिया है। सीएम ने प्रवासी मजदूरों के पुनर्वास के लिए योजना शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नई योजना के तहत प्रवासी श्रमिकों को एक वर्ष तक या जब तक उन्हें रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक हर महीने पांच हजार रुपये दिए जाएंगे। कई राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों को निशाना बनाए जाने सीएम ममता बनर्जी केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि खासकर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों पर हमला पूर्व नियोजित है।

## राहुल गांधी बेवजह समय बर्बाद कर रहे, जनता नकार चुकी है

### वोटर अधिकार यात्रा पर बीजेपी का हमला

**मुजफ्फरपुर।** बिहार की राजनीति विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही गरमा गई है। इसी कड़ी में राज्य सरकार के पंचायती राज मंत्री और बीजेपी नेता केदार प्रसाद गुप्ता ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बिहार में बेवजह घूमकर अपना समय बर्बाद कर रहे हैं। तेजस्वी यादव को बिहार और राहुल गांधी को देश की जनता पहले ही नकार चुकी है। मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस और राजद दोनों ही जनता के भरोसे से बाहर हो चुके हैं। राहुल गांधी को देश की जनता ने और तेजस्वी यादव को बिहार की जनता ने नकार दिया है। अब बिहार में घूमने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। उनका जनाधार पूरी तरह खत्म हो गया है और आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता इन्हें पूरी तरह बाहर का रास्ता दिखा देगी।

## जवाबदेही से भाग रहा चुनाव आयोग: कांग्रेस

**नई दिल्ली ।** वोट चोरी और बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग के जवाब पर विपक्षी गठबंधन इंडिया ने पलटवार किया है। कांस्टीट्यूशन क्लब में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, सपा, डीएमके, राजद जैसे आठ प्रमुख विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों ने बैठक के बाद प्रेस वार्ता की। इसमें कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि चुनाव आयोग अपनी जवाबदेही से भाग रहा है। वहीं सपा सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि चुनाव आयोग राहुल गांधी से बार-बार हलफनामा मांग रहा है, लेकिन हम



2022 में ही कई बार चुनाव आयोग को शिकायत के साथ हलफनामा दे चुके हैं। मगर आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। आयोग हमारी शिकायतों को नजरअंदाज करता है।

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि मतदान का अधिकार संविधान द्वारा आम नागरिक को दिया गया सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। लोकतंत्र इसी पर निर्भर करता है। चुनाव आयोग इसकी रक्षा के लिए बना निकाय है। मगर चुनाव आयोग विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देने में असमर्थ है, अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है। महाराष्ट्र में मतदाता सूची में नाम बढ़ाए गए हैं। कर्नाटक के महादेवपुरा में मतदाता सूची में विसंगतियां हैं। जबकि वीडियो डाटा हटाने पर चुनाव आयोग चुप है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग उन अधिकारियों के हाथों में है जो विपक्ष द्वारा लगाए गए किसी भी आरोप की जांच नहीं कर रहे हैं।

गौरव गोगोई ने कहा कि कल अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों पर सवाल उठाए, जब उन्हें यह बताना पड़ा कि वे जल्दबाजी में एसआईआर क्यों करा रहे हैं? चुनाव आयोग बिहार में एसआईआर पर चुप रहा। वे इस बात पर भी चुप रहे कि लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बीच 70 लाख नए मतदाता कैसे जुड़े?

## पीएम मोदी से मिले सीपी राधाकृष्णन

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी चुने जाने के बाद महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन दिल्ली दौरे पर पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास जाकर पीएम मोदी से मुलाकात की। बता दें कि राधाकृष्णन चार दशकों से अधिक समय से राजनीतिक, सामाजिक और सांविधानिक जीवन में सक्रिय हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर तस्वीरें शेयर कर लिखा, राधाकृष्णन जी से मुलाकात कर उन्हें एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने पर अपनी शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, उनकी लंबी जनसेवा और विभिन्न क्षेत्रों का अनुभव हमारे राष्ट्र को समृद्ध करने में मदद करेगी। ईश्वर करे कि वे उसी समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ राष्ट्र की सेवा करते रहें जो उन्होंने हमेशा दिखाया है। गौरतलब है कि कल भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पीएम मोदी की मौजूदगी में हुई एनडीए की बैठक के बाद राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा की थी।

## राजा गार्डन के इलेक्ट्रॉनिक्स इमारत में भीषण आग

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के राजा गार्डन इलाके में सोमवार दोपहर 3:08 बजे महाजन इलेक्ट्रॉनिक्स की इमारत में भीषण आग लगने से दो युवतियों समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य की हालत नाजुक बनी हुई है। यह इमारत बेसमेंट के साथ तीन मंजिलों वाली है, और हादसा तीसरी मंजिल पर स्थित दफ्तर में हुआ, जहां ये सभी फंस गए थे।

दिल्ली दमकल सेवा की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया और दफ्तर से चारों लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। दुर्भाग्यवश, तीन चार की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## संसद परिसर में विपक्षी दलों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के बीच सोमवार को विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया को संदिग्ध बताते हुए विरोध जताया।

इस प्रदर्शन का नेतृत्व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने किया। खरगे के साथ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), द्रमुक (डीएमके), वामपंथी दलों, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और समाजवादी पार्टी (एसपी) के सांसद भी मौजूद रहे।

इस दौरान प्रदर्शनकारी सांसदों ने संसद के मकर द्वार के बाहर बड़े-बड़े बैनर और पोस्टर थाम रखे थे। इन बैनर पर लिखा था- वोट चोरी बंद करो, वहीं हाथों में लगे पोस्टरों पर वोट चोर, गद्दी छोड़, एसआईआर बंद करो जैसे शब्द लिखे थे।

बता दें कि विपक्ष का आरोप है कि चुनाव आयोग की यह कवायद दरअसल बिहार में मतदाताओं को सूची से बाहर करने की चाल है, ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी दल को फायदा पहुंचाया जा सके। कांग्रेस नेता नसीर हुसैन ने मीडिया से कहा कि विपक्ष हर लोकतांत्रिक तरीका अपनाएगा, ताकि देश के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) का पद केवल निष्पक्ष और ईमानदार व्यक्ति के हाथों में रहे। सूत्रों के अनुसार, विपक्ष इस मामले को और आगे बढ़ाने के लिए सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर भी विचार कर रहा है।

## नकली कीटनाशक बेचने वालों की खैर नहीं : शिवराज

**नई दिल्ली।** नकली खाद-बीज और कीटनाशकों की बिक्री के मामले में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को कृषि मंत्री ने इसी संदर्भ में मंत्रालय में बैठक ली। इसमें कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। मंत्री चौहान ने नकली खाद-बीज व कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा, किसानों की फसलें खराब होने को सभी अधिकारी अत्यंत गंभीरता से अधिकारी लें, ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सकें। उन्होंने अफसरों से व्यापक पैमाने पर छापेमारी और खेतों में जाकर जांच करने के निर्देश भी दिए हैं। नकली खाद-बीज और कीटनाशकों के कारण कोई एक नहीं, बल्कि विभिन्न जिलों में सैकड़ों किसान परेशान हो रहे हैं। कई जगह से ऐसी शिकायतें आती है, किसान बोलते हैं कि खेत में दवाई डाल रहे हैं पर इसका असर नहीं हो रहा है, मैं तो बहुत चिंतित हूं। इन किसानों की पीड़ा को गंभीरता से समझा जाना चाहिए।



उन्होंने बैठक में बताया कि मैंने रविवार को खुद किसान के खेत में जाकर देखा है। एक दवाई किसान ने डाली, जिसके कारण सोयाबीन की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। कल जब मैंने खेत में देखा तो सैकड़ों किसान वहां मौजूद थे। इन सबने मुझे शिकायतें की परेशानी बताईं। बाजार में ऐसी घटिया या नकली दवाई, खाद-बीज बेचने वालों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाना चाहिए, इनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएं।

इस संबंध में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए मंत्री ने कहा कि नकली खाद, बीज और कीटनाशक किसानों के लिए अभिशाप है। शिवराज सिंह ने कहा कि हम हमारे किसानों को लूटते हुए नहीं देख सकते।

मंत्री शिवराज सिंह ने निर्देश दिए कि कृषि विभाग का अमला राज्य सरकारों के साथ किसानों के खेतों में जाकर जांच करें और अभियान चलाकर व्यापक पैमाने पर आकस्मिक छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई करें। सैंपल लिए जाएं व फेल होने पर कार्रवाई करें। जो कंपनी या निर्माता गड़बड़ियां कर रहे हैं, उनके खिलाफ हम सख्त कार्रवाई करेंगे तो गड़बड़ करने वाले लोगों में भय पैदा होगा और किसानों को राहत मिलेगी। गड़बड़ी मिलने पर फैक्ट्रियां व दुकानें सील की जाएं। अगर कहीं कुछ गलत हो रहा हो तो किसानों के हित में कड़ी कार्रवाई करना हमारा धर्म है। अगर कहीं गलत हो रहा है तो नहीं होने दें, यह हमारी ड्यूटी है, जिसका पालन हमें करना है।

# यूरिया खाद को लेकर दुधमनिया में चले लट्ठ, पुलिस को भनक नही

## दुधमनिया में यूरिया खाद की काला बाजारी का आरोप, समिति प्रबंधक पर खड़े हो रहे सवाल

**सिंगरौली।** जिले के बरगवां थाना क्षेत्र के गोनर्रा पुलिस सहायता केन्द्र के दुधमनिया गांव में बीते दिनों यूरिया खाद को लेकर जमकर दो पक्षों में लट्ठ चलने का वीडिया सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जहां वीडियों की पुष्टि समाचार पत्र नही करता है। वही उक्त घटना से पुलिस बेखबर है। जबकि आरोप है कि समिति दुधमनिया में खाद की कालाबाजारी जोरों पर है।



इधर बता दें कि म.प्र. सरकार और जिला प्रशासन पर्याप्त उरर्वक का दावा कर रहा है कि जिले में उर्वरक की कमी नही है, लेकिन जिला मुख्यालय बैढ़न की विपणन संघ विभाग में आज दिन सोमवार की सुबह करीब तकरीबन 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक के जो हालात थे, ऐसा लग रहा था कि तकरीबन डेढ़ से दो हजार किसान खाद लेने के लिए खड़े थे। यहां भी स्थिति बेकाबू थी। जहां पुलिस ने मोर्चा संभाला था। रही बात ग्रामीण अंचलों की तो जिले के दुधमनिया गांव में खाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लात-घुसे और लाठी-डंडे चले हैं। बताया जाता है कि समिति प्रबंधक की लापरवाही और कालाबाजारी के चलते किसानों को खाद नही मिल पा रही है। मारपीट का वीडियों सोशल मीडिया में तेजी से वारयल हो रहा है। जो सरकार और जिला प्रशासन के साथ-साथ विभाग के कार्यप्रणाली पर सवालियां निशान खड़ा कर रहा है। यह वीडियों दुधमनिया समिति कार्यालय का है या फिर प्राईवेट दुकान का, इसका खुलासा नही हो पाया है और न ही स्थानीय पुलिस को भनक है। जो भी, लेकिन समिति प्रबंधक दुधमनिया पर आरोप लग रहे हैं कि जो खाद आ रही है, वह काला बाजारी की जा रही है। जिसके चलते किसानों को यूरिया खाद नही मिल पा रही है और किसान मजबूर होकर प्राईवेट दुकानों से खाद खरीद रहे हैं। पहले भी दुधमनिया समिति प्रबंधक पर आरोप लग चुके हैं। इसके बावजूद ऐसे लापरवाह समिति प्रबंधक पर कोई कार्रवाई नही हो रही है।

# नवागत सीएमएचओ ने पदभार संभाला



**सिंगरौली।** नवागत सीएमएचओ डॉ. पुष्पराज सिंह ठाकुर ने आज दिन सोमवार को दफ्तर पहुंच पदभार ग्रहण कर लिया। दरअसल पिछले दिनों संचालनालय, लोक स्वास्थ्य एवं शिक्षा चिकित्सा से आदेश जारी हुआ था, जिसमें जिला चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सक अस्थि रोग विशेषज्ञ पुष्पराज सिंह ठाकुर को सिंगरौली का सीएमएचओ बनाया गया। जहां आज पदभार ग्रहण कर लिये। इस दौरान डीपीएम सुधांशु मिश्रा, डेम रमाकांत द्विवेदी, फार्माशिष्ट संजय सिंह परिहार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# नशीले कफ सिरफ के साथ दो धराये

## गोरबी पुलिस ने गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत की कार्यवाही

**सिंगरौली।** गोरबी पुलिस ने ग्राम नौढ़िया के डंपिंग यार्ड के पास दो नशे के सौदागर को गिरफ्तार करते हुये एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार गोरबी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी की क्षेत्र के कुछ नशे के सौदागर नशीले प्रतिबंध पदार्थ कोडिंग कफ सिरफ ग्राम नौढ़िया से डंपिंग यार्ड होते हुए अपने घर तरफ आने वाले हैं। इसके बाद उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना के आधार पर मोरवा एसडीओपी गौरव पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं मोरवा निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह की सतत निगरानी में चौकी प्रभारी गोरबी रुद्र प्रताप सिंह ने टीम को आरोपियों की धरपकड़ के लिए भेजा। जहां रास्ते में पुलिसकर्मियों ने मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 66 जेडसी 5596 से आ रहे दो लोग राउर्फ खान उर्फ झुरई एवं कुर्वान




खान की तलाशी ली। उनके पास से सफेद झोले में 15 सीसी नशीली कफ सिरफ बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी राउर्फ खान पिता सलाद खान उम्र 25 वर्ष एवं कुर्वान खान पिता हसिद खान उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी सोलन को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21, 22 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। उक्त कार्यवाही में सउनि सुरेंद्र रावत, शेषमणि त्रिपाठी, प्रआर नरेंद्र यादव, त्रिवेदी तिवारी, राजबहोर प्रजापति, उमाशंकर सिंह, पवन पाण्डेय, आर नरेंद्र परमार एवं अमन रावत सराहनीय भूमिका रही।

# नवागत ननि आयुक्त सविता प्रधान ने महापौर, निगमाध्यक्ष से की सौजन्य भेट



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के नवागत निगमायुक्त सविता प्रधान ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात निगमायुक्त सविता प्रधान ने महापौर रानी अग्रवाल निगमाध्यक्ष देवेश पाण्डेय से सौजन्य भेट की महापौर एवं निगम अध्यक्ष नवागत निगमायुक्त का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

सौजन्य मुलाकात के दौरान निगमायुक्त ने महापौर एवं निगम अध्यक्ष से नगरीय क्षेत्र के विकास कार्यो में सहयोग की अपेक्षा की, जिस पर महापौर एवं निगम अध्यक्ष के द्वारा नवागत आयुक्त अश्वासन दिया गया कि नगरीय क्षेत्र के विकास कार्यो में हम आपके साथ खड़े रहेंगे। साथ ही निगमायुक्त ने महापौर एवं निगम अध्यक्ष से विकास कार्यो के संबंध में संक्षिप्त चर्चा भी की। इस दौरान मेयर इन काउंसिल के सदस्य खुर्शीद आलम, पार्षद आशीष बैस, रामनरेश शाह, संजय सिंह, संतोष शाह, राम मिलन भारती, राजबहादुर सिंह सहित निगम के कार्यपालन यंत्री प्रदीप चडार मौजूद रहे।

# मोटर साइकिलों की भिड़ंत में दो युवको की मौत

## सरई थाना क्षेत्र के बकहुल सड़क मार्ग में हुआ बड़ा हादसा

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के बकहुल सड़क मार्ग में आज दिन सोमवार की दोपहर करीब 2ः30 दो मोटरसाइकिलो की हुई आमने-सामने भिड़ंत में दोनों वाहन के चालको की दर्दनाक मौत हो गई। जहां गांव में मातम पसर गया है।

तिनगुड़ी पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 2ः30 बजे दो मोटरसाइकिल चालक आपस में आमने-सामने भीड़ गये। जहां मोटरसाइकिल में सवार चालक लालशाय सिंह एवं पप्पू सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने बताया है कि पप्पू सिंह पिता जगन्नाथ सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी सिलप थाना बरगवां मोटरसाइकिल



में सवार होकर अपने किसी रिस्तेदार के यहां से घर जा रहा था। वहीं सरई थाना क्षेत्र के ग्राम खनुआ निवासी लालशाय सिंह पिता धनशाह सिंह उम्र 27 वर्ष अपने घर से गजराबहरा की ओर जा रहा था कि बकहुल जंगल की मुख्य मार्ग में दोनों मोटरसाइकिलों की सीधी भिड़ंत हो गई। घटना स्थल पर लालशाह दम तोड़ा था। जबकि पप्पू सिंह उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इधर घटना की खबर मिलते ही मौके पर तिनगुड़ी पुलिस एवं मृतक एवं घायलों के परिजन पहुंच गये। घटनास्थल मंजर को देख सभी के रोंगटे खड़े हो गये। आलम यह था कि दोनों मोटरासाइकिलो के परखच्चे उड़ गये थे। पुलिस जहां घायल को अस्पताल रवाना की। वही एक शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया।

आलम यह था कि दो युवको की दर्दनाक मौत से घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। मृतक लाल शाय सिंह के परिजन पहुंच विलाप कर रहे थे। वही जैसे ही अस्पताल में घायल पप्पू सिंह दम तोड़ने की खबर परिजनों को मिली, परिजन बदहवास हालत में पहुंच गये। परिजनों की चीख-पुकार सून वहां मौजूद हर लोगों की ऑखे नम हो जा रही थी। वही मौजूद लोगबाग ढांढस भी बंधा रहे थे। लेकिन मौजूद घटना स्थल पर भीड़ व परिजन मोटरसाइकिलो की स्थिति देख दंग थे।

# देवसर अंचल की बिजली व्यवस्था चरमराई, उपभोक्ताओं में बढ़ रहा असंतोष

**सिंगरौली।** विद्युत सब स्टेशन देवसर क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता त्रस्त होकर एमपीईबी कनिष्ठ यंत्री को कोसने लगे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि देवसर क्षेत्र में करीब एक महीने से दिन-रात बराबर बिजली गुल हो रही है। जिससे यहां के छात्रों की भी पढ़ाई जहां विपरित असर पड़ रहा है। वही रात में भी उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। दरअसल विद्युत सब स्टेशन देवसर में पिछले एक महीने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुकी है। बिजली के आना-जाना आम बात हो गई है। वहीं आरोप है कि जब से कनिष्ठ अभियंता की नवीन पदस्थापना हुई है, तब से मनमाना बिजली बिल भी उपभोक्ताओं के यहां पहुंच रहा है। अघोषित कटौती एवं मनमाना बिजली बिल भेजा जा रहा है। उपभोक्ताओं के द्वारा आपत्ति किये जाने के बावजूद समस्या का निराकरण नही किया जा रहा है, बल्कि मनमाना बिजली का बिल जमा करने के लिए उपभोक्ताओं पर दबाव बनाया जा रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विद्युत सब स्टेशन में उपभोक्ताओं के समस्याओं का निराकरण नही किया जा रहा है। उपभोक्ताओं ने इस ओर कलेक्टर एवं कार्यपालन अभियंता एमपीईबी ग्रामीण सिंगरौली का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# सुलियरी में 1.20 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य

**सिंगरौली।** देश की ऊर्जाधानी में सुलियरी एक आदर्श खदान के तौर पर देखा जा रहा है और उसी तरह धिरौली खदान में जिम्मेदार खनन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। खदान क्षेत्र में अब तक कुल 1 लाख 63 हजार 197 पौधे लगाए जा चुके हैं, जबकि इस वर्ष 1 लाख 20 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आने वाले तीन वर्षों में 3 लाख से ज्यादा पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिससे क्षेत्र को हरित और पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित बनाने की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। धिरौली खनन परियोजनाको भी जनता ने खूब समर्थन दिया है। सुलियरी में खनन के बाद जमीन को पुनः उपयोगी बनाने की प्रक्रिया के तहत 52 एकड़ भूमि को पौधरोपण के लिए विकसित किया गया है। साथ ही 25 एकड़ भूमि पर उच्च-प्रौद्योगिकी नर्सरी तैयार की गई है, जिसमें महुआ, खैर, बरगद, नीमए अर्जुन, साल, हर्रा और बहेरा जैसे वृक्षों की विविध प्रजातियां पाली जा रही हैं।

# सासन पावर लिमिटेड टाउनशिप में जन्माष्टमी महोत्सव आयोजित

**सिंगरौली।** सासन पावर लिमिटेड की टाउनशिप में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर टाउनशिप के सभी परिवार बड़ी संख्या में एकत्र हुए और पूरा परिसर भक्ति व उत्साह से सराबोर रहा ।

जन्मष्टमी महोत्सव का आयोजन जितेन्द्र प्रसाद एचओडीईएचएस के मार्गदर्शन एवं निगरानी में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ कम्पनी के सीईओ सचिन मोहापात्र और स्टेशन डायरेक्टर सुब्रताघोष द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पूजा अर्चना से हुआ । इस अवसर पर सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और पदाधिकारी भी मौजूद रहे । शाम



को रंगारंग सांस्कृत प्रस्तुतियाँ हुई । राधा कृष्णा नृत्य, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और मटकी सजावट प्रतियोगिता ने दर्शकों का मन मोह लिया । विशेष आकर्षण का केन्द्र फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चों का राधा कृष्ण की वेशभूषाधारण करना रहा । प्रतियोगिता में अनेक प्रतिभागियों द्वारा आँखों पर पट्टी बांध कर मटकी फोड़ना अत्यंत रोमांचकारी रहा ।

कम्पनी के सीईओ सचिन मोहापात्रा ने अपने संबोधन में भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों का स्मरण कराते हुए कहा जीवन का सार यही है कर्म करो, फल की चिन्ता मत करो, उन्होंने कहा कि यही उपदेश आज भी हमें अपने कार्य और जीवन में प्रेरणा देते हैं और इसी भाव से हमें आगे बढ़ना चाहिए । सभी प्रतिभागियों और कर्मचारियों के सहयोग से यह महोत्सव अत्यंत सफल और यादगार बना ।

# विंध्याचल ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक संध्या आयोजित

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 17 अगस्त को परियोजना के उमंग भवन सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का थीम आजादी था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक संजीब कुमार साहा एवं अनुरक्षण एजे राजकुमार, महाप्रबंधक अतिन कुंडु, महाप्रबंधक सत्येंद्र कुमार सिन्हा, मनिकयन सुरेश सहित अन्य ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर थीम आजादी पर आधारित विभिन्न वर्गों के लिए फैंसी ड्रेस और नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए आयोजित की गई, जिसमें लगभग 110 प्रतिभागियों नें बढ़चढ़ कर भाग लिया एवं अपनी-अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की, जिसे देखकर सभी देशभक्ति कार्यक्रम में ओत-प्रोत हो गए। मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा छोटे-छोटे नन्हें बच्चों की प्रस्तुति को सराहा गया। सभी नें इस कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ उठाया। इस अवसर पर पूरा उमंग भवन सभागार देशभक्ति कार्यक्रमों से गुंजयमान हो उठा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

# युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन आज

**सिंगरौली।** जिले के बेरोजगार युवा-युवतियों को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम स्वरोजगार, रोजगार, अप्रैंटिसशिप मेले का आयोजन कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय सिंगरौली, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान से रोजगार मेले का आयोजन 19 अगस्त को प्रातः 11 बजे से रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर सिंगरौली में किया जा रहा है। रोजगार मेले में भाग लेने वाली कम्पनिया रिलायंस शासन पावर लिमिटेड आरसेटी बैढ़न ग्रुप महान इनर्जेन लिमिटेड, एसआईएस सिक्योरटी, आर्या वेचर, पीएम उत्कर्ष कौशल केन्द्र, भारत सिक्योरटी, सहित अन्य कम्पनियों द्वारा योग्यता अनुसार रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जायेगा।

# नवागत ननि कमिश्नर सविता प्रधान ने ग्रहण किया पदभार

## अधिकारियों के साथ परिचायत्मक बैठक आयोजित, ली विभागीय कार्यो की जानकारी



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली की नवागत आयुक्त सविता प्रधान ने आज दिन सोमवार को पदभार ग्रहरण कर विभागीय अधिकारियों के साथ परिचायत्मक बैठक आयोजित विभागीय कार्यो की जानकारी ली। नवागत आयुक्त का आज दिन सोमवार को निगम कार्यालय पहुंचने पर निगम के अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात आयुक्त प्रधान ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात नगर निगम आयुक्त ने नपानि महापौर रानी अग्रवाल एवं ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय से सौजन्य मुलाकात की। नगर निगम आयुक्त ने निगम सभागार में अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर अधिकारियों द्वारा सम्पादित किए जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी ली तथा कहा कि अधिकारी तत्परता के साथ शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने के साथ ही त्रृटि रहित विभागीय कार्यो को सम्पादित करें। जहां पर भी मेरे सहयोग की आवश्यकता होगी, मैं हमेशा आप सबके साथ खड़ी रहूंगी। उन्होंने निगम अधिकारी-कर्मचारियों से भी सहयोग की आपेक्षा की। बैठक में कार्यपालन यंत्री प्रदीप चडार, डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस, सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी, एचएम श्रीवास्तव, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, एसएन द्विवेदी, प्रवीण गोस्वामी, पीके सिंह, दिनेश तिवारी, उपयंत्री अनुज सिंह सहित समस्त विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रधान आरक्षक विशेष सम्मान से हुये सम्मानित

**सिंगरौली।** एसपी मनीष खत्री के निर्देशन और सतत मार्गदर्शन में सिंगरौली पुलिस ने जन जागरूकता को नई दिशा दी है। 15 अगस्त को राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह



में इसी कड़ी में प्रधान आरक्षक आशीष बागरी को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार आशीष बागरी ने जिले में पहली बार लगातार महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, ट्रैफिक नियम, नशामुक्ति, बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता जैसे संवेदनशील विषयों पर 100 से अधिक डिजिटल क्लिप्स और पोस्ट तैयार कर जनता तक पहुँचा। यह पहल जिले के इतिहास में पहली बार हुई है। लगातार और त्वरित रूप से तैयार किए गए इन संदेशों ने न सिर्फ जिले, बल्कि सोशल मीडिया के जरिए प्रदेश और देशभर में लोगों को प्रभावित किया। इसे सिंगरौली पुलिस के नए दौर की शुरुआत कहा जा रहा है। बताया जाता है कि एसपी मनीष खत्री ने न केवल महत्वपूर्ण विषय सुझाए, बल्कि मनोबल बढ़ाते हुए हर कदम पर दिशा भी दी। जबसे उन्होंने जिले की कमान संभाली है, तभी से जागरूकता को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।

# सीएम हेल्प लाईन व जन सुनवाई के आवेदन पर त्वरित करें कार्यवाही : शुक्ला

## जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के संचालन के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सिंगरौली।** सीएम हेल्प लाईन जन सुनवाई सहित समाधान बिंदु में चयनित शिकायतों का विभागीय अधिकारी तत्परता के साथ निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के सफल संचालन के लिए विभागीय अधिकारी सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करे। उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुयें विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी अपने विभागों की लंबित



शिकायतों पर तत्परता के साथ कार्य करते हुये शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करायें। उन्होने निर्देशित किया कि 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विभागीय अधिकारी स्वयं से शिकायतकर्ता से संवाद कर शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करे कि आगामी जारी होने वाली सीएम हेल्पलाईन की रैंकिंग सभी विभाग ए ग्रेड प्राप्त करे। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, नंदन तिवारी, सौरभ मिश्रा, सीएमएचओ पुष्पराज सिंह, डीईओ एसबी सिंह, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग अखिलेश कुमार इनवे, जिला आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी सहित जिलाधिकारी मौजूद रहे।

# खण्ड स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें: कलेक्टर



समय-सीमा बैठक आयोजित

**सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी त्रारा विकासखण्ड स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन तथा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) अपने उपखण्ड में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की नियमित समीक्षा करेंगें। सभी अपने खण्ड स्तरीय अधिकारियों से नियमित समीक्षा करेंगे। कलेक्टर ने सभी समीक्षा बैठकों का कार्यवाही विवरण कलेक्टर कार्यालय को अनिवार्यत: उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग शिकायतों के निराकरण में ए ग्रेड लाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों के शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर सिविल सर्जन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री महोदय की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठकों में सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर द्वारा समस्त निर्माण विभागों से खनिज राजस्व के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर संविदाकारों द्वारा प्रस्तुत रॉयल्टी क्लियरेंस सर्टिफिकेट की गहनता पूर्वक जांच कर उनके विभाग अंतर्गत पूर्ण एवं प्रगतिरत परियोजनाओं में प्रयुक्त गौण खनिजों जैसे गिट्टी, रेत, मिट्टी, मुरूम इत्यादि की रॉयल्टी जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, डिप्टी कलेक्टर राकेश शुक्ला, उपखण्ड अधिकारी मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपर कलेक्टर बी पी पाण्डेय ने किया पदभार ग्रहण

**सीधी।** अपर कलेक्टर श्री बीपी पाण्डेय द्वारा दिनांक 18.08.2025 को अपना पदभार ग्रहण कर लिया गया है। श्री पाण्डेय इसके पूर्व उपखण्ड अधिकारी मऊगंज के रूप में पदस्थ थे। साथ ही स्थानांतरित प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्री राकेश शुक्ला द्वारा भी पदभार ग्रहण कर लिया गया है।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना गोहपारू का किया निरीक्षण

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने थाना गोहपारू का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर मे हवालात, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, सी.सी.टी.वी, संधारित विभिन्न रजिस्टर, थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्री को भी चेक किया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकलव्य हायर सेकेण्डरी स्कूल हड़बड़ो को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ



**सीधी।** जिले के परेड ग्राउंड में 79वे स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर सीधी जिले की कई स्कूलों एकलव्य स्कूल, सी.एम. राइज स्कूल, एक्सीलेंस स्कूल, गुरुकुल स्कूल एवं ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें एकलव्य स्कूल के छात्र-छात्राओं रानी लक्ष्मीबाई के त्याग और बलिदान एवं वीरता को संगीत एवं नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जिसमें एकलव्य पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल हड़बड़ो को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि एकलव्य स्कूल पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल हड़बड़ो को पांचवीं बार जिले के सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। एक बार स्थान प्राप्त करना बड़ी बात है लेकिन लगातार अपने स्थान पर स्थाई बने रहना उससे भी बड़ी बात है। इस पल को ऐतिहासिक बनाने के लिए विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कड़ी मेहनत की और लगातार अभ्यास करके यह सम्मान प्राप्त किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, नीतू सिंह, संरक्षक शीलध्वज सिंह, प्रबंधक विनोद सिंह, श्यामलाल शर्मा, प्राचार्य स्वेता सिंह, राजेंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ शिक्षक मनीता सिंह, प्रीति शुक्ला, मनोज खरे, संजय पाण्डेय, अरविंद सिंह, विदित सिंह, संध्या शुक्ला, सुनीता विश्वकर्मा, करूणा मिश्रा, जयप्रकाश पाण्डेय, रूचि सिंह, सपना तिवारी, माधव सिंह, रजनीश पाण्डे, चंद्रप्रकाश मिश्रा, अमन सिंह, अंकिता तिवारी, गरिमा सिंह, संध्या खरे, गिरिजा गुप्ता, काजल केवट, शिवकुमार यादव, सूर्यकुमार रजक, पंचम साहू, शनि शुक्ला, पूर्णिमा तिवारी, अनुराग सिंह, अनिरुद्ध सिंह, अंजलि वर्मा एवं समस्त विद्यालयीन परिवार एवं अभिभावकों द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ दीं इस कार्यक्रम में संगीतकार के रूप में अभिषेक तिवारी रसिक, शशिकांत दीक्षित, अमित सेन रहे।

### निरंकारी मिशन का 'वननेस वन'

# हरियाली संग सेवा समर्पण की सौम्य अभिव्यक्ति



**सीधी।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 'वननेस वन' परियोजना के पांचवें चरण का आयोजन देशभर के 600 से अधिक स्थलों पर पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

संत निरंकारी मंडल के सचिव, आदरणीय जोगिन्दर सुखीजा जी ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि 'वननेस वन' अभियान केवल हरियाली फैलाने की पहल नहीं है, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ाव, मानवीय उत्तरदायित्व और सह-अस्तित्व की भावना को सुदृढ़ करने का एक समर्पित प्रयास है।

वर्ष 2021 में आरंभ हुआ यह अभियान अब ऐसे हरे-भरे वृक्षों में परिणत हो चुका है, जो लघु वनों का स्वरूप ले चुके हैं। इन वनों में प्रवासी पक्षियों की वापसी और जैव विविधता का पुनरुत्थान यह प्रमाणित करता है कि यह प्रयास केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि प्रकृति के पुनर्जीवन का माध्यम भी बन चुका है। 'वननेस वन' परियोजना केवल वृक्षारोपण नहीं, यह प्रकृति, सेवा और सह-अस्तित्व का एक जीवंत आंदोलन है। यह अभियान भविष्य की पीढ़ियों को हरीतिमा से समृद्ध वातावरण देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। रोपे गए पौधों की देखभाल और संरक्षण का यह संकल्प उन्हें घने, स्वावलंबी वनों में परिवर्तित करने की दिशा में एक ठोस कदम है जिससे आने वाली पीढ़ियाँ भी इस सजीव विरासत से लाभान्वित हों सकेंगी। सतगुरु की छाया में 'वननेस वन' का यह अभियान सेवा, समर्पण और प्रकृति प्रेम की वह साधना है, जो पर्यावरण संरक्षण को एक आध्यात्मिक अनुभव में परिवर्तित कर देती है। नि:संदेह यह अभियान एक स्पष्ट संदेश देता है कि वृक्ष लगाना केवल एक कार्य नहीं अपितु एक संस्कार है। सेवा करना केवल कर्तव्य नहीं, एक साधना है जिसे निरंकारी मिशन बखूबी निभा रहा है।

## जिले में 17 अगस्त को 4.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**शहडोल।** अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 18 अगस्त को कुल 4.8 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 8 मिमी., बुढ़ार में 5 मिमी., गोहपारू में 4 मि.मी., जैतपुर में 0 मिमी, चन्नौड़ी में 0 मिमी., ब्यौहारी में 1 मिमी, जयसिंहनगर में 16 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में 01 जून 2025 से अब तक वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 853 मिमी., बुढ़ार में 539 मिमी., गोहपारू में 796 मि.मी., जैतपुर में 923 मिमी, चन्नौड़ी में 802 मिमी., ब्यौहारी में 895 मिमी, जयसिंहनगर में 867 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में अब तक औसत वर्षा 810.7 मिमी. दर्ज की गई है।

# सी.डब्लू.एस.एन. बालक छात्रावास मधुरी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा दिनांक 14.08.2025 को विकलांग बालकों के लिए स्थान सी.डब्लू.एस.एन. बालक छात्रावास मधुरी जिला सीधी विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया तथा छात्रावास का निरीक्षण भी किया गया। शिविर का उद्देश्य नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाए) योजना 2015 अंतर्गत बच्चों को देख-भाल एवं संरक्षण और सभी स्तरों पर बच्चों के कानूनी झगड़ों के लिए विधिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना था।

इस अवसर पर श्री मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी ने कहा कि कानून की जानकारी हर नागरिक के लिए उतनी ही जरूरी है जितनी शिक्षा, ताकि वे अपने और अपने समुदाय के अधिकारों की रक्षा कर सकें। इसके साथ ही श्री शिवहरे ने लैंगिक अपराध बालकों का संरक्षण अधिनियम, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, मानव अधिकार, मध्यस्थता, बाल श्रम पॉक्सो एक्ट एवं अन्य सिविल दाण्डिक विधियों पर जानकारी दी गई। साथ ही नालसा एवं सालसा तथा राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी ने पेंशन, भूमि एवं संपत्ति विवाद, घरेलू हिंसा, उपभोक्ता अधिकार, बाल विवाह, महिला सुरक्षा, तथा साइबर अपराध जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों एवं बच्चों को विभिन्न विधिक प्रावधानों के साथ-साथ नि:शुल्क कानूनी सहायता पाने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक, छात्रावास के प्राचार्य एवं बालक उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 21 अगस्त को

**शहडोल।** प्राचार्य संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शहडोल श्री एसके वर्मा ने जानकारी दी है कि एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शहडोल में 21 अगस्त 2025 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला में श्री राम लाइफ इन्श्योरेंस, एसआईएस सिक्योरिटी, प्रतिभा सिंटेक्स पीथमपुर, ग्रोफास्ट एग्रीटेक प्रायवेट लिमिटेड जबलपुर, षिवषक्ति एग्रीटेक लिमिटेड जबलपुर, एलआईसी इंडिया लिमिटेड शहडोल, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रायवेट लिमिटेड रीवा आदि कम्पनियां सम्मिलित होगी। इच्छुक अभ्यर्थी अधिकारी जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9407813779 पर सम्पर्क कर सकते है।

# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सोशल मीडिया में प्रसारित खबरों का किया खंडन

**सीधी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने जानकारी देकर बताया कि जिला चिकित्सालय सीधी से शव वाहन नहीं मिलने के संबंध में सोशल मीडिया में प्रसारित समाचार की जॉच किये जाने पर पाया गया कि दिनांक 14.08.2025 को रात्रि 07:30 बजे श्रीमती संगीता साहू पत्नी श्री अनिल साहू उम्र 30 वर्ष, ग्राम मनकीसर, जिला सीधी को परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय सीधी में उपचार के लिये लाया गया था किन्तु आपातकालीन कक्ष में उपस्थित डॉ. लीना प्रसाद एवं डॉ. दीपा मरावी द्वारा श्रीमती संगीता साहू का परीक्षण किये जाने पर वह मृत अवस्था में थी। परिजनों से जानकारी लेने पर परिजनों द्वारा बताया गया कि खून की उल्टी हुई है एवं अचेत अवस्था में है। जिला चिकित्सालय सीधी में ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सक द्वारा परीक्षण उपरान्त मृत अवस्था में होने के कारण मृत घोषित कर परिजनों को शव वाहन से मृतिका को गृहग्राम तक ले जाने हेतु श्री संदीप मिश्रा स्टूवर्ड के माध्यम से ड्यूटी पर उपस्थित शव वाहन के वाहन चालक श्री सिद्धू एवं श्री रावेन्द्र पाण्डेय को शव वाहन ले जाने हेतु निर्देशित किया गया किन्तु मृतिका के परिजनों द्वारा शव वाहन से शव को ले जाने के बजाय जिस वाहन से इलेक्ट्रिक टेम्पों से लेकर आये थे उसी टेम्पों से वापस शव को लेकर चले गये। मृतिका के परिजन को शव वाहन उपलब्ध कराय गया था किन्तु परिजन शव वाहन लेकर नहीं गये। उन्होंने बताया कि श्रीमती संगीता साहू मृत अवस्था में जिला चिकित्सालय सीधी में लाई गयी थी फिर भी परिजनों को शव वाहन उपलब्ध कराया गया था किन्तु परिजन द्वारा शव वाहन का उपयोग नहीं किया गया। सोशल मीडिया में विभाग से बिना तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त किये कूटरचित समाचार प्रसारित किया गया है, जो अनुचित है। सोशल मीडिया पर प्रसारित समाचार का विभाग द्वारा खण्डन किया जाता है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने किया दिव्यांग बालक छात्रावास मधुरी का निरीक्षण

**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा दिनांक 18.08.2025 को विकलांग बालकों के लिए स्थान सी.डब्लू.एस.एन. बालक छात्रावास मधुरी जिला सीधी का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रावास में निवासरत दिव्यांग/विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की स्थिति, उनकी शैक्षिक गतिविधियों, स्वास्थ्य सेवाओं एवं देखभाल की व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान सचिव श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने छात्रावास प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि छात्रावास में बच्चों के लिए शिक्षा, स्वच्छता, सुरक्षा एवं पोषण संबंधी व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं ताकि इन बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने यह भी निर्देश दिए कि सभी दिव्यांग बच्चों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं सुविधाओं का समय पर लाभ सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने यह भी बताया कि निरीक्षण के दौरान दिये गये दिशा निर्देशों का पालन किया जाये, आगामी माह में उनके द्वारा निरीक्षण किये जाने पर दिशा निर्देशों का पालन कड़ाई से किया जाये।

श्री मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी ने यह भी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया कि छात्रावास में रह रहे प्रत्येक दिव्यांग बालक को शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं का समय पर लाभ प्राप्त हो। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने यह आश्वस्त किया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिव्यांग बच्चों के अधिकारी की रक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत रहेगा। उक्त शिविर में छात्रावास के प्राचार्य एवं बालक उपस्थित रहे।

## जिले में उर्वरक आपूर्ति के प्रयास जारी: उप संचालक

**सीधी।** सीधी जिले में किसानों को समय पर एवं सुचारू रूप से उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे है। इसी क?ी में आज डबल लॉक केन्द्र अमिलिया में एसडीएम सिहावल श्रीमती प्रिया पाठक, उप संचालक कृषि सीधी डॉ. राजेश सिंह चौहान एवं डीएमओ सीधी श्री नरेन्द्र सिंह के द्वारा समिति का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान किसानों से संवाद स्थापित कर आश्वस्त किया गया कि जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्धता जल्द ही सुनिश्चित होगी, किसानों को घबराने की अवश्यकता नहीं है। जिले में टोकन के माध्यम से खाद का सुचारू रूप से वितरण किया जा रहा है। रीवा रैक से यूरिया डबल लाक केन्द्र अमिलिया को 2080 बैग, कुबरी समिति को 400 बैग, बघोर समिति को 380 बैग, चितांग समिति को 100 बैग यूरिया प्राप्त हुयी। रीवा रैक प्वाइंट से सीधी जिले के अमिलिया समिति को 720 बैग, सहजी समिति को 700 बैग, अमिरती को 700 बैग यूरिया प्राप्त हुयी। किसान भाई को परिवहन की सुविधा है वह अपने समिति से यूरिया खाद प्राप्त करे जो किसान डिफाल्टर है, छोटे किसान भी नगद यूरिया मार्कफेड से प्राप्त कर सकते है। उपरोक्त दल द्वारा भण्डारण वितरण की व्यवस्था हेतु अमिलिया समिति, बमुरी समिति एवं सहजी समिति का निरीक्षण किया गया।

# कलेक्टर ने की प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम की समीक्षा

सीधी

समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (शहरी) के तहत इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम योजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा सीधी जिले के समस्त नगरीय निकायों के बैंक प्रमुखों से जिन हितग्राहियों को होम लोन दिया जा चुका है उनकी सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। एलडीएम यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सीधी के द्वारा शीघ्र सूची उपलब्ध कराने की बात कही गई।

परियोजना अधिकारी मिनी अग्रवाल के द्वारा बताया गया कि दिनांक 01.09.2024 को या उसके बाद स्वीकृत और वितरित किए गए होम लोन पर ईडब्ल्यूएस/एलआईजी और एमआईजी के पात्र लाभार्थियों को आवासों की खरीद/पुनर्खरीद/निर्माण के लिए सब्सिडी का लाभ दिया जा सकता है। आईएसएस योजना के तहत ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी श्रेणी के परिवार श्रेणी लिए जिनकी वार्षिक आय क्रमश: 3 लाख, 6 लाख और 9 लाख है, इस घटक का लाभ उठाने के लिए पात्र होंगे। योजना के तहत ईडब्ल्यूएस एलआईजी एमआईजी लाभार्थी की पहचान करने के लिए आवेदक आय प्रमाण के रूप में प्रमाणित पत्र एफिडेविट प्रस्तुत करेगा। वार्षिक परिवार की आय 9 लाख रुपए तक,ब्याज में छूट 4 प्रतिशत (प्रति वर्ष), अधिकतम पात्र आवास ऋण 25 लाख रुपए तक,अधिकतम गृह मूल्य 35 लाख रुपए तक, अधिकतम कालीन क्षेत्र (तक) वर्ग मीटर में 120,ब्याज सब्सिडी का अधिकतम लाभ (रु.) वास्तविक रिलीज 1.80 हजार तक,ब्याज सब्सिडी का अधिकतम लाभ( रु.) एनपीवी 1.50 लाख तक योजना के तहत किसी आवास के लिए एक बार ही प्रदान की जाएगी। विस्तृत जानकारी हेतु नगर पालिका परिषद सीधी के प्रधानमंत्री आवास योजना के शाखा में संपर्क करें।

## खनिज रेत का अवैध परिवहन करने पर 02 ट्रैक्टर जप्त

**शहडोल।** जिला खनिज अधिकारी शहडोल राहुल शांडिल्य ने जानकारी दी है कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार खनिज विभाग शहडोल द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत् रूप से कार्यवाहियों की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर ग्राम खमरौंध तहसील जैतपुर क्षेत्र अन्तर्गत खनिज रेत का अवैध परिवहन में संलिप्त 02 ट्रैक्टर वाहन एमपी18डुड्ढ7840 एवं बिना नंबर ट्रैक्टर जान डीयर कंपनी माडल नं. 5039 को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया । उक्त संलिप्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना प्रभारी, थाना अमलाई की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूद्ध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज किया गया।

# किड्स गणेश के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर मनाई जन्माष्टमी पर्व





**सीधी।** स्थानीय किड्स गणेश प्ले स्कूल, पड़रा में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नन्हे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन किया। छोटे-छोटे बच्चे राधा-कृष्ण, सुदामा, वासुदेव-देवकी आदि बनकर आए और राधा-कृष्ण के भजनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भगवान कृष्ण के जीवन और उनके आदर्शों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी द्वारा भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। डॉ. तिवारी ने कहा, ये गतिविधियाँ न केवल बच्चों की उत्सुकता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि उनके सामाजिक, सांस्कृतिक ज्ञान, भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं। किड्स गणेश इंचार्ज कोमल बाधवानी ने बच्चों को कृष्ण जन्माष्टमी की महत्वता से अवगत करवाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका शालिनी श्रीवास्तव, साधना शर्मा, गगन सिंह, नाजिया बानो और प्रवीणा चौरसिया का विशेष योगदान रहा।

## संपादकीय

# निर्दोष नागरिकों और मासूम पक्षियों के लिए मौत की डोर है चीनी मांझा

रंग-बिरंगी पतंगें उड़ा कर लोग खुश होते हैं, लेकिन जिस चीनी मांझे के सहारे ये उड़ाई जाती हैं, वह कई निर्दोष नागरिकों और मासूम पक्षियों के लिए मौत की डोर से कम नहीं साबित हो रहीं। पतंगबाजी के रोमांच के अब आए दिन जानलेवा होने तक की खबरें आ रही हैं। बावजूद इसके स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अधिकतर लोग चीनी मांझे से पतंग उड़ाते हैं। दरअसल, प्लास्टिक और धातु का मिश्रण होने से यह मांझा इतना धारदार बन जाता है कि इससे उलझ कर हर वर्ष कितने ही पक्षियों की मौत हो जाती है।कई लोग जख्मी हो जाते हैं। इससे कई लोगों की जान जाने की खबरें भी आ चुकी हैं। सवाल है कि तमाम प्रतिबंध के बावजूद ये मांझे लोगों को मिल कैसे जाते हैं! जबकि हर वर्ष लोगों को संचार माध्यमों से जागरूक किया जाता है। इसके जोखिम के मद्देनजर कई बार अदालतों से आदेश जारी हुए हैं, राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने सख्त रुख अख्तियार किया है। लेकिन आज भी अगर चीनी मांझे बाजार में खुलेआम या चोरी छिपे बिक रहे हैं, तो इसे रोकने में संबंधित एजेंसियां नाकाम क्यों हैं। यह किसकी लापरवाही का परिणाम है कि इसकी वजह से पक्षियों के उड़ने की आजादी खतरे में पड़ रही है, सड़क पर वाहन चलाने वाले भी जोखिम की जद में हैं। यह निराशाजनक ही है कि चीनी मांझे पर प्रतिबंध आज तक कारगर साबित नहीं हुए। जबकि चीनी मांझे पर कई राज्यों में रोक है। दिल्ली में वर्ष 2017 से पाबंदी है। इसे बेचने और खरीदने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 15 के तहत सजा और जुर्माने का प्रावधान है। खतरनाक मांझे बेच रहे लोगों पर छापे मारे जाते हैं, कुछ को गिरफ्तार भी किया जाता है। फिर भी चीनी मांझे बेचने और खरीदने का ऐसा क्या जुनून है लोगों में कि जोखिम की आशंका के बारे में जानते-बूझते हुए भी वे न तो सजा से डरते हैं और न किसी जुर्माने से। ऐसी स्थिति में इसके खतरों का दायरा बढ़ाने के लिए वैसे लोग भी जिम्मेदार हैं, जिन्हें सिर्फ अपने रोमांच और मनोरंजन की परवाह है। जाहिर है, इससे उपजी समस्या से पार पाने के लिए सरकार को बहुस्तरीय सख्ती बरतने की जरूरत है।

*ट्रंप ने कहा कि कोई समझौता तब तक नहीं होता, जब तक असल में समझौता नहीं हो जाता। अभी हम वहां तक नहीं पहुंचे जबकि व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को खत्म करने में रूस ईमानदारी से रुचि रखता है किन्तु किसी टिकाऊ समझौते के लिए संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना होगा। पश्चिमी देशों और यूक्रेन को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि शांति प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा या नुकसान न पहुंचाया जाये। ट्रंप साफ़ तौर पर अपने देश की समृद्धि की परवाह करते हैं लेकिन समझते हैं कि रूस के अपने हित हैं। हमारे रिश्ते व्यवसायिक हैं। पुतिन के इस दावे पर ट्रंप ने अपनी सहमति व्यक्त की यानी अगली व्यवसायिक मुलाकात मास्को में हो सकती है।*

# ट्रंप के षडयंत्र का अंग था अलास्का संवाद?

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

यूक्रेन-रूस युद्ध विराम का मुखौटा ओढकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया में अपनी सकारात्मक छवि स्थापित करने की एक बार फिर कोशिश की। अलास्का के एंकोरेज में उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ लगभग तीन घंटे तक एकान्त में बातचीत की जिसके आखिरी दौर में दोनों राष्ट्राध्यक्षों के साथ आये दो - दो प्रमुख सलाहकारों को भी वार्ता कक्ष में बुलाया गया। अमेरिका की ओर से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ तथा रूस की ओर से विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और विदेश नीति के सलाहकार यूरी उशाकोव ने अपनी भागदारी दर्ज की। वार्ता के उपरान्त संयुक्त रूप से पत्रकारों के सम्मुख वक्तव्य दिया गया। ट्रंप ने कहा कि कोई समझौता तब तक नहीं होता, जब तक असल में समझौता नहीं हो जाता। अभी हम वहां तक नहीं पहुंचे जबकि व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को खत्म करने में रूस ईमानदारी से रुचि रखता है किन्तु किसी टिकाऊ समझौते के लिए संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना होगा। पश्चिमी देशों और यूक्रेन को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि शांति प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा या नुकसान न पहुंचाया जाये। ट्रंप साफ़ तौर पर अपने देश की समृद्धि की परवाह करते हैं लेकिन समझते हैं कि रूस के अपने हित हैं। हमारे रिश्ते व्यवसायिक हैं। पुतिन के इस दावे पर ट्रंप ने अपनी सहमति व्यक्त की यानी अगली व्यवसायिक मुलाकात मास्को में हो सकती है। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर दिये बिना ही संयुक्त वार्ता समाप्त कर दी गई जिसके संबंध में रूसी राष्ट्रपति के प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने स्पष्ट किया कि व्यापक टिप्पणी करने के कारण सवाल नहीं लेने का निर्णय लिया गया था। संयुक्त रूप से व्यापक बयान दिए गए थे। बातचीत वास्तव में बहुत अच्छी रही। इस तरह की बातचीत से मिलकर शांति का रास्ता तलाशने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जा सकते हैं। इस घटना क्रम को समूची दुनिया केवल और केवल रूस-यूक्रेन युद्ध विराम के प्रयासों के रूप में ही देख रही है जबकि सूत्रों की मानें तो यह वास्तव में ट्रंप की एक षडयंत्रकारी योजना का महात्वपूर्ण अंग है जिसे शान्ति वार्ता के रूप में प्रचारित किया गया। एक ऐसी वार्ता जिसमें दूसरे पक्ष यानी यूक्रेन की भागीदारी आवश्यक ही नहीं समझी गई। वहां के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की या उनके किसी प्रतिनिधि को शामिल नहीं किया गया। जबकि चर्चा का मुख्य विषय यूक्रेन युद्ध ही घोषित था। तीन घंटे तक चले संवाद और विदेश मंत्रालयों की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इसमें केवल युद्ध विराम के मसला पर ही विचार-विमर्श नहीं हुआ बल्कि दुनिया की पूरी ठेकेदारी एक साथ मिलकर करने की गुप्त



योजना पर भी चर्चा हुई। तभी तो पुतिन ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट रूप से संकेत दिये कि रूस और अमेरिका के संबंध व्यवसायिकता पर ही केन्द्रित हैं। यानी अमेरिका अपने टैरिफ बम से रूस को सीधा नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहा है जबकि रूस अपने मित्रों के साथ तेल निर्यात सहित अन्य संसाधनों के आदान-प्रदान करके अपनी मजबूती को नये आयाम देने में जुटा है। दौनों राष्ट्राध्यक्षों ने अपने एकान्त संवाद में निश्चय ही संसार के वर्तमान परिदृश्य की समीक्षा की होगी। अपने-अपने हितों को साधते हुए विश्व मंच पर स्वयं की छवि उज्जवल करने की नीतियां बताई होंगी। आपसी सहयोग के बिन्दुओं को तलाशा होगा किन्तु अविश्वास के धरातल पर खडे अमेरिका कि स्वार्थपरिता के कारण ही निर्णायक स्थिति आकार नहीं ले सकी होगी। ऐसे में पत्रकारों के सामने चन्द शब्द बोलकर ट्रंप सहित पुतिन ने भी उस अध्याय को आगे बढा दिया। यथार्थ तो यह है कि विश्व का चौधरी बनने की चाह में ट्रंप ने एक बार फिर अपनी घातक चाल चली ताकि रूस के साथ संतुलन बनाते हुए भारत के विशालतम बाजार पर कब्जा किया जा सके। भारत की दम पर राष्ट्रपति बनने वाले अहसानफरामोश ट्रंप का स्वार्थी चेहरा अब बेनकाब हो चुका है। समूची दुनिया को अपने सामने झुकाने का मंसूबा पालने वाले अमेरिका की वर्तमान नीतियां उसी के लिए घातक होतीं जा रहीं हैं। अमेरिका का पाकिस्तान की गलबहियां करते ही चीन ने भारत के साथ नजदीकियां बढाना शुरू कर दीं। उल्लेखनीय है कि अलास्का में बैठक के लिए जाते समय अमेरिकी एयर फोर्स वन से फाक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को रेखांकित करते हुए कहा था कि असल में उन्होंने एक ऑयल क्लाइंट खो दिया है यानी भारत, जो लगभग 40 प्रतिशत तेल ले रहा था। चीन, जैसा कि आप जानते हैं, काफी मात्रा में ले रहा है। और अगर मैंने सेकेंडरी सेक्शन्स लगाए तो यह उनकी दृष्टि से बेहद विनाशकारी होगा। अगर मुझे करना पड़ा तो मैं करूंगा, शायद मुझे ऐसा न करना पड़े। वहीं अलास्का में रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें अभी रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर जवाबी टैरिफ लगाने के बारे में नहीं सोचना पड़ेगा, लेकिन उन्हें दो या तीन सप्ताह में सोचना पड़ सकता है। इस तरह के नहीं सोचना पडेगा, सोचना पडेगा, जैसे अस्पष्ट बयानों से ट्रंप का मानसिक दिवालियापन एक बार फिर संसार के सामने आया। समूची दुनिया में इस मुलाकात को भले ही रूस-यूक्रेन युद्ध के शान्तिपूर्ण हल की दिशा में मील का पत्थर माना जा रहा हो परन्तु ट्रंप के षडयंत्र का एक अंग था अलास्का संवाद जिसके प्रति विश्व को अभी से सचेत होने की आवश्यकता है अन्यथा आने वाले समय में अमेरिका के कारण मानवता को तीसरे विश्वयुद्ध की विभीषिका झेलना पड सकती है। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# तेज भागने के चक्कर में हम भूल गए हैं कि जाना कहां है

**दौड़ में सबसे पहले जो खोता है, वह है शांति। फिर आता है ध्यान। फिर रिश्ते। और धीरे-धीरे, हम खुद को ही खो देते हैं। हम जो बनना चाहते थे, वह छवि पीछे छूट जाती है। हम जिस इंसान को बचाकर रखना चाहते थे वो मासूम, वो संवेदनशील, वो सोचने-समझने वाला इंसान ङ्क वह इस तेज रफ्तार में कहीं धुंधला पड़ जाता है। हम सुबह जागते हैं, मोबाइल उठाते हैं, सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हैं। हर कोई कुछ कर रहा है ङ्क किसी ने कोई बड़ी डील क्लोज की है, कोई विदेश घूम रहा है, कोई नया बिजनेस लॉन्च कर रहा है और हम बेचैन हो जाते हैं। लगता है हमें भी दौड़ना है। कहीं पीछे न रह जाएं।**

(सुंदरचंद ठाकुर)

हम सब तेज भाग रहे हैं। किसी को कुछ हासिल करना है, किसी को कुछ साबित करना है, किसी को किसी से आगे निकलना है। सुबह आंख खुलते ही दौड़ शुरू हो जाती है - काम की, समय की, सफलता की, नाम की। पर कभी सोचा है कि ये रेस किसके लिए है? और किस दिशा में है? कहीं ऐसा तो नहीं कि हम इतनी तेजी से भाग रहे हैं कि रास्ता ही भूल गए हैं? या शायद मंजिल ही बदल गई है, पर हम रुके नहीं, जांचने नहीं गए। बस उसी रफ्तार से भागे जा रहे हैं, जैसे बस दौड़ते रहना ही जीवन हो। आज की दुनिया में हर चीज फास्ट हो गई है ङ्क फास्ट इंटरनेट, फास्ट फूड, फास्ट डिलीवरी, फास्ट रिजल्ट। धीरे चलने का मतलब है पीछे छूट जाना। ठहरने का मतलब है असफलता। और इस डर में, हम दौड़ते चले जा रहे हैं। पर भीतर कहीं कुछ चुपचाप टूटता जा रहा है।

दौड़ में सबसे पहले जो खोता है, वह है शांति। फिर आता है ध्यान। फिर रिश्ते। और धीरे-धीरे, हम खुद को ही खो देते हैं। हम जो बनना चाहते थे, वह छवि पीछे छूट जाती है। हम जिस इंसान को बचाकर रखना चाहते थे वो मासूम, वो संवेदनशील, वो सोचने-समझने वाला इंसान ङ्क वह इस तेज रफ्तार में कहीं धुंधला पड़ जाता है। हम सुबह जागते हैं, मोबाइल उठाते हैं, सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हैं। हर कोई कुछ कर रहा है ङ्क किसी ने कोई बड़ी डील क्लोज की है, कोई विदेश घूम रहा है, कोई नया बिजनेस लॉन्च कर रहा है और हम बेचैन हो जाते हैं। लगता है हमें भी दौड़ना है। कहीं पीछे न रह जाएं।




लेकिन रुककर पूछने वाला कोई नहीं बचा कि क्या जिस रास्ते पर हम भाग रहे हैं, वह वाकई हमारे लिए है? कभी-कभी सबसे बहादुरी भरा कदम होता है रुक जाना। अपनी रफ्तार को धीमा करना। भीतर की आवाज सुनना। खुद से पूछना 'क्या मैं खुश हूं?' क्योंकि जीवन कोई प्रतियोगिता नहीं है। यह एक यात्रा है। और अगर इस यात्रा में आप सिर्फ भागते रहे और नज़ारे ही नहीं देखे, तो अंत में बस थकान बचेगी, अनुभव नहीं। कई बार जिनको हम पीछे समझते हैं, वे असल में अपने जीवन के सबसे सुंदर मोड़ पर होते हैं। वे चल रहे होते हैं ङ्क फूलों को देखते हुए, रिश्तों को सींचते हुए, अपने मन से बातें करते हुए। वे देर से पहुंचते हैं, पर सही जगह पहुंचते हैं। आज ज़रूरत इस बात की है कि हम रफ्तार को सफलता से न जोड़ें। सफलता वह नहीं जो तेज भागने से मिले, सफलता वह है जो अपने भीतर की सच्चाई को जीने से मिले। शायद हमें रुककर सोचने की जरूरत है क्या हम जी रहे हैं या बस दौड़ रहे हैं?

इस बात को समझलीजिए कि भागने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि आखिरी में जीवन कोई प्रतियोगिता नहीं है, वह तो एक धीमी नदी है, जो भीतर बहती है।

जो जितना शांत होता है, वह उतना गहरा उतरता है।
जो जितना धीरे चलता है, वह उतना अधिक देखता है।
और जो खुद को पूरे होश में जितना देखने लगे वही सचमुच और उतना ही जिंदा होता है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5826

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| 9 | | | ■ | ■ | ■ | ■ | 10 |
| | ■ | ■ | 11 | 12 | | 13 | |
| 14 | 15 | 16 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | | ■ | 18 | 19 | | 20 |
| 21 | | ■ | 22 | ■ | | ■ | |
| 23 | | | | ■ | 24 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. अमेरिकी कांग्रेस ने 23 सितंबर 1986 को इस पुष्प को अमेरिका का राष्ट्रीय फूल चुना (3)
4. प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में से एक (4)
7. तीव्र उत्कंठा, प्रबल अभिलाषा (3)
8. कामदेव के नामों में से एक, मनोज (3)
9. शेष रहना, कामचोरी करना (3)
11. मुगल शासकों के शासन करने का समय (5)
14. भारत का एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र या अखबार, नया जमाना (5)
17. बल, फूंक (2)
18. दस हजार हाथियों के बराबर बल होने के कारण पांडुपुत्र भीम का एक नाम (4)
21. एक दिवंगत हास्य अभिनेता जिन्होंने 180 से अधिक फिल्मों में काम किया (2)
23. यह मुगल शासक भारत का पांचवा मुगल शहंशाह था (4)
24. रूप या अस्तित्व प्रदान होना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. फूल जैसा कोमल बदन वाला या बदनवाली (5)
2. लोभ, लोलुपता (3)
3. बकवास करना, प्रलाप करना (3)
4. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय पदार्थ जो देव और दानव दोनों को प्रिय था (2)
5. उन्माद, मद्य, मन तरंग (2)
6. एक प्रकार की मोटी खमीरी रोटी (2)
10. वर्ष, परकोटा, वय गणना (2)
11. ऋषि, तीर्थंकर, अवाचाल (2)
12. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी जार्जटाउन है (3)
13. मुंशी, लिखने वाला (3)
15. मुसल्ला (4)
16. पूंछ, लूम (2)
19. दीन, दरिद्र, कंगाल, निर्धन (3)
20. रिश्तें में कुछ होना, सटना (3)
21. किसी वस्तु को पाने की प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (2)
22. किस जगह, किस स्थान पर, किधर (2)

### वर्ग पहेली 5825 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | इ | क | ल | फै | रा | डे | ■ |
| या | क | ■ | ता | न | ■ | ब | ला |
| ■ | रा | पी | ■ | ■ | ई | रा | न |
| मो | र | ■ | द | र | मा | ■ | त |
| र | ■ | शो | ■ | म | न | न | ■ |
| ध्व | नि | ले | ख | ■ | डि | ग | ना |
| ज | ज | ■ | रा | ज | ग | ■ | म |
| ■ | ता | ला | ब | ■ | ना | सि | क |

# नागासाकी में किया गया था परमाणु हमला, एक झटके में लाखों लोगों ने गंवाई थी जान

(अनन्या मिश्रा)

आज ही के दिन यानी की 09 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के शहर नागासाकी पर दूसरा परमाणु हमला किया था। इस हमले में लाखों निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। बता दें कि यह धमाका इतना भयानक था कि परमाणु हमले के धमाके की आवाज से लोग बहरे हो गए थे।

09 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के शहर नागासाकी पर दूसरा परमाणु हमला किया था। इस हमले में लाखों निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। बता दें कि यह धमाका इतना भयानक था कि परमाणु हमले के धमाके की आवाज से लोग बहरे हो गए थे और तेज रोशनी के कारण लोग अंधे हो गए थे। इस धमाके से उत्पन्न होने वाली गर्मी के कारण लोगों की चमड़ी पिघल गई थी। नागासाकी हमले को आज 80 साल पूरे हो चुके हैं।

## दर्दनाक था हमला

यह हमला इतना दर्दनाक और घातक था कि इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि हमले में हजारों लोगों की तत्काल मौत हो गई थी। वहीं अन्य जो इस हमले के संपर्क में आए, उनकी मौत 2-3 महीने के अंदर हो गई। वहीं साल के अंत तक इन बमबारी में करीब 2 लाख लोग मौत के मुंह से समा गए थे।

## नागासाकी का दर्द

बता दें कि नागासाकी क्यूशू के पश्चिमी तट पर एक औद्योगिक केंद्र और प्रमुख बंदरगाह था। हिरोशिमा की तरह सुबह-सुबह हवाई हमले की चेतावनी साफ हो गई थी। जिस कारण 01 अगस्त को नागासाकी पर छोटे हमले से शहर के कुछ हिस्सों को खाली करना पड़ा था। वहीं जब 09 अगस्त को बम फटा तो शहर में करीब 2,00,000 लोग मौजूद थे। जल्दबाजी में किए गए इस हमले में शहर के दो प्रमुख ठिकानों दक्षिण में मित्सुबिशी स्टील एंड आर्म्स वर्क्स और उत्तर में मित्सुबिशी-उराकामी टॉरपीडो वर्क्स के ठीक बीच को निशाना बनाया गया।

बताया जाता है कि हिरोशिमा में गिराए लिटिल बॉय से नागासाकी में गिराए गए परमाणु बम फैटमैन का धमाका अधिक तेज था। हालांकि नागासाकी में हिरोशिमा जितना नुकसान नहीं हुआ था। ऐसा इसलिए क्योंकि नागासाकी के आसपास पहाड़ियां हैं। जिस कारण बम का विस्फोट से गर्मी और रेडिएशन का प्रभाव कम हुआ।

# आज का राशिफल

### मेष
आज कार्यक्षेत्र में आपको अपनी निर्णय लेने की क्षमता के चलते लाभ प्राप्त हो सकता है। साथ ही, कुछ साहसिक निर्णयों और कार्यों के चलते आपका व आपके परिवार का गौरव भी बढ़ेगा। नौकरी करने वालों का दिन भी अच्छा रहने वाला है और कार्य समय पर पूर्ण होंगे। वहीं, आप सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी भाग ले सकते हैं, जिससे मन को सुकून मिलेगा।

### वृष
आज आपको कार्यस्थल पर आज अपने किसी प्रोजेक्ट या कार्य में बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और सम्मान में भी वृद्धि होगी। सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी और आमदनी के नए मार्ग भी खुलते जाएंगे। कोई भी नया काम शुरू करने से पहले माता-पिता का आशीर्वाद लेना लाभदायक साबित होगा। शाम के समय परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत हो सकता है।

### मिथुन
आज कारोबार के मामले में आपको कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर कोई कानूनी मामला चल रहे है, तो उसमें सावधान रहने की जरूरत है। अन्यथा परेशानी खड़ी हो सकती है। वहीं, कार्यस्थल पर समय पर सही निर्णय ले पाने के कारण आपको बाधाओं और हानि का सामना करना पड़ सकता है।

### कर्क
आज अगर लंबे समय से कार्यस्थल पर आपका प्रमोशन रुका हुआ है तो अब वह पूर्ण हो सकता है। साथ ही, आप अपने बात करने के तरीके और व्यवहार से किसी बड़े अधिकारी को अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। निर्णय लेने की क्षमता से भी आपको लाभ प्राप्त होगा। लेकिन स्वास्थ्य पर खास ध्यान देने की जरूरत होगी।

### सिंह
आज व्यापार करने वालों को कार्यक्षेत्र में कुछ नए परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। वहीं, नौकरी करने वालों के अधिकार में वृद्धि होगी, जिससे आपको आर्थिक लाभ भी मिल सकता है और समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में आपको अपेक्षा से अधिक धन प्राप्त हो सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

### कन्या
आज कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि हो सकती है और कुछ नई जिम्मेदारियां मिलने की भी संभावना है। अपने सुख के साधनों को बढ़ाने के लिए कुछ धन भी खर्च कर सकते हैं और दूसरों की सेवा में दिन बीतेगा। व्यापार के मामले में धन कमाने के नए रास्ते मिल सकते हैं और परिवार में संतान से कोई शुभ समाचार मिलने की संभावना है।

### तुला
आज कामकाज के मामले में दिन सामान्य से कम अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सोच-विचार करके काम करने के बावजूद कुछ नुकसान होने की संभावना बनी हुई है। ऐसे में आपको किसी भी जोखिम भरे काम को करने या फैसले लेने से बचना होगा। व्यापार करने वालों को भी छोटे-छोटे नुकसान हो सकते हैं, जिससे मन उदास रहेगा। परिवार के साथ समय बिताना आपके लिए ज्यादा अच्छा रहेगा।

### वृश्चिक
आज नौकरी करने वालों के पद में वृद्धि हो सकती है और अधिकार बढ़ने की भी संभावना है। आपको किसी बहुमूल्य वस्तु से लाभ प्राप्त हो सकता है और कार्यस्थल आपके साहस से विरोधी परास्त हो जाएंगे। सुखों में भी वृद्धि हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आप बच्चों के साथ अच्छा समय व्यतीत कर सकते हैं।

### धनु
आज कार्यक्षेत्र में आप नई-नई योजनाएं बना सकते हैं और किसी नए प्रोजेक्ट पर भी काम शुरू किया जा सकता है। अगर आपका धन लंबे समय से कहीं अटका हुआ था, तो अब वह भी वापस मिल सकता है। लेकिन शाम के समय आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में सोच-समझकर फैसले लेना बेहतर रहेगा। संतान से जुड़ा कोई समाचार आपको निराश कर सकता है।

### मकर
आज आप पूरे दिन उत्साह और जोश से भरे रहेंगे, लेकिन आर्थिक मामलों में आपको कुछ अनावश्यक खर्चों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में बजट बनाकर चलना फायदेमंद रहेगा। नौकरी करने वालों का प्रमोशन हो सकता है और बड़ी मात्रा में धन लाभ होने की भी संभावना है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। परिवार के साथ भी आप अच्छा समय बिताएंगे।

### कुंभ
आज कार्यक्षेत्र में आपको कोई भी काम जल्दबाजी में करने से बचना होगा, अन्यथा हानि का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में हर निर्णय या कार्य को धैर्य के साथ करना बेहतर रहेगा। हालांकि, आपके भौतिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी और नए-नए कार्यों की शुरुआत करने से भविष्य में बड़ा लाभ मिल सकता है। संतान से जुड़ा कोई शुभ समाचार भी सुनने को मिल सकता है।

### मीन
आज स्वास्थ्य कुछ ठीक नहीं रहेगा। आपको पेट से जुड़ी किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इसका असर कामकाज पर भी पड़ेगा। व्यवसाय के मामले में अगर आप लोन लेना चाहते हैं, तो वह आसानी से मिल सकता है। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें आगे बढ़ाने से सफलता प्राप्त हो सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और पराक्रम भी बढ़ेगा।

## दोनों के चयन में क्या-क्या अंतर

# जगदीप धनखड़ से राधाकृष्णन तक कैसे 180 डिग्री खुद घूम गई भाजपा?





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा की अगुवाई वाले केंद्र के सत्ताधारी गठबंधन ह्ष्ठ ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में महाराष्ट्र के राज्यपाल चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। अगर वह जीतते हैं तो जगदीप धनखड़ की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले महीने संसद के मॉनसून सत्र के पहले ही दिन अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (ऋस्स) के एक साधारण कार्यकर्ता से उठ कर राजनीति का लम्बा सफर तय करने वाले 68 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन की एक सुलझे और सौम्य नेता के रूप में पहचान रही है। अपने कार्यकाल के दौरान विपक्ष के निशाने पर रहने वाले जगदीप धनखड़ का उत्तराधिकारी चुनने में भाजपा को 180 डिग्री का टर्न लेना पड़ा है। बता दें कि धनखड़ को 2022 में जाट विरोध प्रदर्शनों के बीच उपराष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार के रूप में चुना गया था। सत्ताधारी भाजपा और उसके गठबंधन ने तब धनखड़ का चयन कर जाट किसानों को यह संदेश देने की कोशिश की थी कि जाटों का मुद्दा और जाट समुदाय सरकार की प्राथमिकताओं में हैं और उनकी बात हमेशा सुनी जाती है।

### दक्षिण और ओबीसी पर फोकस

अब तीन साल बाद, उसी पद पर सीपी राधाकृष्णन का चयन किया गया है। तमिलनाडु के मोदी कहे जाने वाले राधाकृष्णन का चयन ओबीसी सोशल इंजीनियरिंग और दक्षिण में भाजपा की विस्तार योजनाओं पर केंद्रित है। अब तक पार्टी कर्नाटक को छोड़कर दक्षिणी राज्यों खासकर तमिलनाडु और केरल में पैर जमाने में विफल रही है। सीपी राधाकृष्णन उसी तमिलनाडु से आते हैं। वहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। वह प्रभावशाली ओबीसी समुदाय से ताल्लुक रखते हैं।

### दोनों में क्या-क्या अंतर?

जगदीप धनखड़ की पहचान एक आक्रामक वकील और मुखर राजनेता के रूप में रही है। वह अपनी तीखी और टकराव वाली शैली के लिए जाने जाते हैं। जब वह पश्चिम बंगाल के गवर्नर थे, तभी उन्हें उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पदोन्नति मिली थी। जब तक वह बंगाल के राज्यपाल रहे, तब तक ममता बनर्जी सरकार के साथ उनके मतभेद सुर्खियाँ बनते रहे। जब वह राज्यसभा के सभापति बनकर आए तो, वहां भी वह अपनी टिप्पणियों के लिए मुखर रहे। विपक्ष ने धनखड़ को अक्सर एक पक्षपाती व्यक्ति के रूप में देखा।

### राज्यसभा को आक्रामकता नहीं, संतुलन की जरूरत

अब एनडीए ने राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है, जिनका स्वभाव इस संवैधानिक पद और भूमिका के लिए ज्यादा बेहतर है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि राधाकृष्णन का चयन कर भाजपा और एनडीए ने एक साथ कई संदेश देने की कोशिश की है। ओबीसी और दक्षिण को साधने के अलावा भाजपा ने उन्हें मैदान में उतारकर यह संदेश भी देने की कोशिश की है कि संसद के उच्च सदन राज्यसभा को आक्रामकता की नहीं, बल्कि संतुलन की जरूरत है और उस संतुलन को बनाए रखने में धनखड़ की तुलना में राधाकृष्णन अधिक कारगर होंगे।

### कुछ मसलों पर धनखड़ सीमित, जबकि राधाकृष्णन समावेशी

इसके अलावा जगदीप धनखड़ की सियासी पृष्ठभूमि समाजवादी और कांग्रेसी की रही है, वह बाद में भाजपाई हुए जबकि राधाकृष्णन भाजपा के वैचारिक मार्गदर्शक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से उपजे नेता हैं। राधाकृष्णन का 17 साल की उम्र से ही आरएसएस और जनसंघ से जुड़ाव रहा है, जबकि धनखड़ कानूनी और राजनीतिक पृष्ठभूमि से आए थे और उनका आरएसएस से कोई पुराना नाता नहीं था। जगदीप धनखड़ से उलट राधाकृष्णन पर कोई राजनीतिक बोझ भी नहीं है और उन्हें आम सहमति बनाने वाले संभावित उम्मीदवार के रूप में ज्यादा देखा जाता है। सूत्रों के अनुसार, धनखड़ राजनीति को जाति-क्षेत्र तक सीमित रखते थे जबकि राधाकृष्णन इसे राष्ट्रीय समावेशिता तक विस्तारित करते रहे हैं।

## राहुल गांधी से एफिडेविट मांगते हैं, लेकिन अनुराग ठाकुर से क्यों नहीं: कांग्रेस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों के जवाब में हुई मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस ने कहा है कि राहुल गांधी से तो एफिडेविट मांगा जाता है, लेकिन बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर से नहीं। चुनाव आयोग प्रमुख ने रविवार को एक लंबी प्रेस वार्ता में राहुल गांधी समेत विपक्षी नेताओं द्वारा गत दिनों में कथित वोट चोरी और चुनावों में धांधली के आरोपों को खारिज करते हुए हफ्तेभर में हलफनामा दाखिल करने या फिर देश से माफी मांगने के लिए कहा था। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर निशाना साधते हुए कहा, देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता की, लेकिन उनके शब्द और उनकी स्क्रिप्ट बीजेपी वाली थी। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी और एसआईआर को लेकर कई सवाल किए, लेकिन आपने जवाब नहीं दिया। चुनाव आयोग ने जिन लोगों को मृत घोषित कर दिया, वो राहुल गांधी जी के साथ चाय पी रहे थे। कांग्रेस ने पूछा, ज्ञानेश जी बताएं, अगर सीसीटीवी फुटेज से प्राइवेसी भंग हो जाएगी, तो सीसीटीवी क्यों है? आप राहुल जी से एफिडेविट मांगते हैं, लेकिन अनुराग ठाकुर से क्यों नहीं? ज्ञानेश कुमार गुप्ता जी, हम नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी आपके कंधों पर बंदूक रखकर लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। हमारा आग्रह है- इस हत्या में भागीदार मत बनिए। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, पवन खेड़ा ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा, जो लोग गलत करते हैं वे डरे हुए हैं... भारत के लोकतंत्र पर हमला करने वालों को डरना ही होगा। हम भारत के संविधान को बचाने के लिए हैं... जब आपका मालिक डरने लगेगा, तो आप (भारत का चुनाव आयोग) भी डर जाएंगे। कांग्रेस नेता ने चुनाव आयोग की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि आयोग पार्टी द्वारा उठाई गई प्रमुख चिंताओं का जवाब देने में विफल रहा। उन्होंने आगे कहा, जिन्हें (चुनाव आयोग द्वारा) मृत घोषित कर दिया गया था, वे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ चाय पी रहे थे। क्या उन्हें शर्म नहीं आई?... उन्हें हमारे द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने मकबरे की तस्वीर की आरती की, वीडियो वायरल, मच गया सियासी बवाल



**फतेहपुर , एजेंसी।** भाजपा के फतेहपुर जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल का एक मकबरे की तस्वीर की आरती करते हुए वीडियो वायरल हो गया है। उन्होंने खुद को कट्टर सनातनी बताते हुए कहा कि वह स्थल पर नहीं जा सकते थे, इसलिए अपने घर पर प्रतीकात्मक पूजा की। यह घटना फतेहपुर में पहले हुए एक मकबरे विवाद से जुड़ी है और इसने नए सिरे से राजनीतिक और धार्मिक बहस छेड़ दी है। जब पूरे देश में जन्माष्टमी समारोह हो रहा था उसी बीट भाजपा के फतेहपुर जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल ने एक कारनामा करके विवाद खड़ा कर दिया। भाजपा के फतेहपुर जिला अध्यक्ष ने अपने आवास पर मकबरे की तस्वीर के सामने आरती की। जिसका एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा है। कथित वीडियो में भाजपा नेता मुखलाल पाल यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि एक कट्टर सनातनी होने के नाते वह स्थल पर नहीं जा सकते थे, लिहाजा उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से अपने घर पर मकबरे की तस्वीर की पूजा की। उन्होंने लोगों से अपने घरों में ही अनुष्ठान (आरती) करने का आग्रह किया और स्पष्ट किया कि वह कथित विवादित स्थल पर पूजा नहीं कर रहे हैं। पाल ने घोषणा की कि भविष्य का संघर्ष भगवान कृष्ण के नाम पर आगे बढ़ाया जाएगा। दक्षिणपंथी संगठनों के सदस्यों ने 11 अगस्त को फतेहपुर में अब्दुल समद के मकबरे पर धावा बोलकर कब्रों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। उन्होंने मकबरे को हिंदू मंदिर बताते हुए पूजा करने की अनुमति मांगी थी। इस मामले में फतेहपुर थाने में 10 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले की गूंज उत्तर प्रदेश विधानसभा में भी सुनायी दी थी। विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे ने सरकार से सवाल किया था कि दर्ज मुकदमे में मकबरे पर हमले के मुख्य षड्यंत्रकारी रहे भाजपा की फतेहपुर इकाई के अध्यक्ष मुखलाल पाल का नाम क्यों नहीं है।

## छत्तीसगढ़ में 19 लाख के इनामी 4 नक्सलियों का सरेंडर, एक खूंखार माओवादी भी गिरफ्तार

**गरियाबंद, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के एंटी नक्सल ऑपरेशन में फोर्स को बड़ी सफलता मिली है। डीवीसी मेंबर सहित 19 लाख रुपए के 4 इनामी नक्सलियों ने एनकाउंटर में मारे जाने के डर से सरेंडर कर दिया। नक्सलियों से मिले इनपुट के आधार पर सुरक्षा बल ने 16 लाख रुपए नकद और हथियार बरामद किया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में डीवीएस मेंबर दीपक मंडावी और उसका सहयोगी कैलाश, रानिता और सुजाता शामिल हैं। ये सभी धमतरी-गरियाबंद नुआपड़ा डिवीजन कमेटी में साल 2013 से सक्रिय थे। इसी गरियाबंद में केंद्रीय समिति सदस्य जयराम उर्फ ??चलपथी सहित 16 नक्सली को सुरक्षा बल जवानों ने मुठभेड़ में मार गिराया था। गरियाबंद मुख्यालय में रायपुर रेंज आईजी अमरेंद्र मिश्रा, आईजी नक्सल ऑपरेशन अंकित गर्ग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।

सरेंडर करने वालों में डीवीसीएम दीपक उर्फ भीमा मंडावी, प्रोटेक्शन टीम के कैलाश उर्फ भीमा भोगाम, एरिया कमेटी सदस्य रानिता उर्फ पायकी और एरिया कमेटी सदस्य सुजीता उर्फ उरें कारम शामिल हैं। दीपक मंडावी पर 8 लाख रुपए, कैलाश और रानिता पर 5-5 लाख रुपए और सुजीता पर 1 लाख रुपए इनाम घोषित था। सरेंडर करने वाले नक्सलियों की निशानदेही पर 16 लाख रुपए नकद, 31 जिंदा कारतूस, दो खाली मैगजीन, डेटोनेटर, 8 बीजीएल, 12 बोर राउंड, और नक्सली साहित्य बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई के बाद से नक्सली संगठन में टूट नजर आ रही है।

## दिल्ली को फिर डरा रही यमुना, हथिनीकुंड बैराज के सभी 18 गेट खोले गए, तेजी से बढ़ रहा बाढ़ का खतरा



**नई दिल्ली/यमुनानगर, एजेंसी।** लगातार बारिश के चलते उफान पर आई यमुना के कारण दिल्ली में एक बार फिर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज के सभी 18 गेट खोल दिए गए हैं। इस मौसम में यह पहली बार था जब बैराज के सभी गेट खोले गए हैं। भारत में गंगा सहित कई नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर मंगलवार तक 206 मीटर पर पहुंच सकता है। सिंचाई विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर विजय गर्ग ने बताया कि भारी बारिश के कारण नदी में 1.78 लाख क्यूसेक पानी आ गया है, जिससे जलस्तर बढ़ गया है। गर्ग ने कहा, हाल ही में हुई बारिश के बाद नदी में 1.78 लाख क्यूसेक पानी आ गया है। यह इस मौसम का सबसे अधिक जलस्तर है।

**दिल्ली में सीडब्ल्यूसी की ओर से बाढ़ संबंधी एडवाइजरी जारी :** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ओर से रविवार को जारी एक एडवाइजरी में कहा गया है कि दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर 19 अगस्त तक 206 मीटर तक पहुंचने की आशंका है, जो 205.33 मीटर के खतरे के निशान को पार कर जाएगा। रविवार शाम करीब 7 बजे यमुना नदी का जलस्तर चेतावनी स्तर को पार करते हुए पुराने रेलवे पुल पर 204.60 मीटर के निशान पर पहुंच गया था।

दिल्ली के लिए चेतावनी स्तर 204.50 मीटर है, जबकि खतरे का स्तर 205.33 मीटर है और 206 मीटर पर लोगों को निकालने की प्रक्रिया शुरू की जाती है। पुराना रेलवे पुल नदी के प्रवाह और संभावित बाढ़ जोखिमों की निगरानी के लिए एक प्रमुख निरीक्षण पॉइंट के रूप में काम करता है। एडवाइजरी में कहा गया है, आज 17 अगस्त को हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी की मात्रा और ऊपरी यमुना क्षेत्र में भारी वर्षा को देखते हुए, यह सूचित किया जाता है कि दिल्ली रेलवे पुल पर जल स्तर 19 अगस्त 2025 को देर रात लगभग दो बजे 206.00 मीटर को पार कर सकता है। सीडब्ल्यूसी ने कहा कि सभी संबंधित एजेंसियों से बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए एहतियाती कदम उठाने को कहा गया है। केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने कहा, ''जल स्तर में वृद्धि का मुख्य कारण वजीराबाद और हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जाना है।'' बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार, हथिनीकुंड बैराज से इस सीजन में सबसे अधिक मात्रा में लगभग 1,27,030 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जबकि वजीराबाद से हर घंटे 45,620 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। दोनों बैराज से छोड़ा गया पानी आमतौर पर 48 से 50 घंटे में दिल्ली पहुंचता है।

## अच्छा व्यक्तित्व, कोई विवाद भी नहीं ; संजय राउत ने की राधाकृष्णन की तारीफ

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने एनडीए द्वारा उपराष्ट्रपति पद के लिए चुने गए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की तारीफ करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही, राउत ने उन्हें एक बहुत अच्छा व्यक्तित्व का धनी बताया है। राधाकृष्णन अभी महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, संजय राउत ने कहा, वह एक बहुत ही अच्छे व्यक्तित्व के धनी हैं, गैर-विवादास्पद।

उनके पास बहुत अनुभव है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को 9 सितंबर को होने वाले आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। यह घोषणा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की।

## निर्वाचन आयोग एसआईआर पर विपक्ष के सवालों के जवाब देने में विफल रहा : शिवसेना (उबाठा)

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने रविवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का समर्थन करते हुए विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देने में विफल रहा और वह बिल्कुल अनभिज्ञ प्रतीत होता है।

शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चुनाव निकाय को तटस्थ होना चाहिए, लेकिन उसने अपने आकाओं की ओर से दी गई 'स्क्रिप्ट' पढ़ी। उन्होंने लिखा, धोखेबाज आयोग ने आज अपनी प्रेस वार्ता से यह साबित कर दिया कि उसे इस बारे में बिल्कुल भी पता नहीं है कि राजनीतिक दलों और मीडिया की ओर से पूछे गए तीखे सवालों का क्या जवाब देना है।

आदित्य ने सवाल किया, यही वह संस्था है, जिसने यह सुनिश्चित किया है कि भारत स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों से दूर रहे। क्या हम ऐसे फर्जी अधिकारियों वाली इस संस्था पर



निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने का भरोसा कर सकते हैं? वहीं, राकांपा (एसपी) के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने कहा, निर्वाचन आयोग की 'क्या-क्या' करने की प्रवृत्ति से उस पर उठाए गए सवालों पर यकीन और अधिक बढ़ गया है। बिंदुवार जवाब देने के बजाय, आयोग गोल-गोल घुमा रहा है और यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि व्यवस्था में कुछ भी गलत नहीं है।

## उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन के लिए समर्थन जुटाने की कोशिश, राजनाथ ने खरगे से की बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र में सत्ताधारी गठबंधन एनडीए ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद भाजपा की तरफ से केंद्रीय रक्षा मंत्री ने समर्थन जुटाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय मंत्री ने रविवार शाम को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से समर्थन के सिलसिले में बात की थी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक उपराष्ट्रपति पद का चुना 9 सितंबर को संपन्न होगा।

इस चुनाव में एनडीए की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ही कमान संभालेंगे, जबकि किरेन रिजिजू इलेक्शन एजेंट की भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि जगदीप धनखड़ के इस्तीफा देने के बाद से उपराष्ट्रपति पद को लेकर तमाम कयास लगाए जा रहे थे। हर रोज नए-नए नाम उछाले जा रहे थे। इन सब कयासों पर रविवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रोक लगाते हुए रविवार को



महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन के नाम की घोषणा कर दी। इसके साथ की नड्डा ने कहा कि भाजपा सभी विपक्षी पार्टियों से भी बात करके निर्विरोध चुनाव करवाने की कोशिश करेंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा, हम विपक्ष से भी बात करेंगे। उनका समर्थन लेकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव निर्विरोध करवाने की कोशिश करेंगे।

हम पहले भी कह चुके हैं कि हम उनके संपर्क में है... हमारे वरिष्ठ नेताओं ने उनके नेताओं के साथ संपर्क किया था, हम अभी भी उनके संपर्क में हैं। जहाँ तक एनडीए के घटक दलों का सवाल है तो वह सभी हमारे समर्थन में हैं। सी पी राधाकृष्णन एनडीए की तरफ से उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी हैं। आपको बता दें कि उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति का पद तब खाली हो गया था, जब बीच कार्यकाल में ही 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद चुनाव आयोग ने पद के चुनाव के लिए ऐलान करते हुए बताया कि चुनाव 9 सितंबर को होंगे, जबकि नामांकन फार्म 21 अगस्त तक जमा किए जाएंगे।

## समाजवाद-धर्मनिरपेक्ष डिलीट करेंगे तभी मूल भावना में आएगा संविधान

### राजा भैया का कांग्रेस पर निशाना



**कुंडा, एजेंसी।** यूपी की कुंडा सीट से विधायक और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने संविधान से समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने की मांग कर दी है। एक निजी न्यूज चैनल के पॉडकास्ट में उन्होंने कहा कि जब समाजवाद और सेक्युलर शब्द डिलीट होंगे तभी वो मूल भावना में आएगा। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि हमारे संविधान की, जो मूल प्रस्तावना है, उसका वही स्वरूप होना चाहिए।

राजा भैया ने इस बातचीत के दौरान कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन विद्वानों ने संविधान की रचना की उन्होंने इन शब्दों को शामिल नहीं किया। इमरजेंसी के समय में इंदिरा गांधी जी ने प्रस्तावना में संशोधन कर दिया। इससे क्या समझा जाए कि इंदिरा गांधी, बाबा साहब से बड़ी विद्वान हो गई थीं या सरदार पटेल से बड़ी विद्वान थीं? यह तानाशाही थी। क्या आप समाजवाद नहीं चाहते हैं? इस सवाल पर राजा भैया ने कहा कि क्या कांग्रेस समाजवाद चाहती थी? ये संशोधन तो इंदिरा गांधी ने किया है। समाजवाद से तो उनका छत्तीस का आंकड़ा था। समाजवादी सोच के तो डीएनए में कांग्रेस विरोध है। राजा भैया ने कहा कि दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां संविधान नहीं। जहां राजतंत्र है, सुल्तान बैठे हैं या तानाशाही है वहां संविधान का कोई मतलब नहीं है। लेकिन जिन देशों में संविधान है वहां हर संविधान की एक प्रस्तावना है जो कि संविधान की मूल आत्मा होती है।

राजा भैया ने कहा कि हमारे देश में संविधान शिल्पी बाबा साहब अंबेडकर, पंडित नेहरू, सरदार पटेल, सरोजनी नायडू समय अन्य विद्वान थे, जिन्होंने बाबू राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में संविधान सभा ने संविधान का निर्माण किया था। एक अन्य सवाल के जवाब में राजा भैया ने कहा कि भारत तो सनातनी है ही। भारत आज यदि एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है तो सिर्फ इसलिए कि यह सनातन बाहुल्य देश है। अंग्रेज जब भारत से जाने लगे तो अलामा इकबाल और जिन्ना ने कहा कि मुसलमान हिंदू के साथ नहीं रह सकता। गौर करने वाली बात है कि कभी भी हिंदुओं ने नहीं कहा कि हम मुसलमानों के साथ नहीं रह सकते बल्कि उन्होंने पाकिस्तान जाने वालों को रोका कि मत जाइए, हम यहां भाई-भाई की तरह रहेंगे। एक अन्य सवाल के जवाब में राजा भैया ने कहा कि हम बिल्कुल चाहते हैं कि यह एक हिंदू राष्ट्र हो जाए।

## राजस्थान में बाघों से भरे जंगल में पर्यटकों को छोड़ भाग गया गाइड, डेढ़ घंटे तक फंसे रहे लोग



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के रणथंभौर नेशनल पार्क से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां पर्यटकों का एक ग्रुप पार्क के जोन 6 में बाघों से भरे जंगल में लगभग 90 मिनट तक फंसा रहा। जानकारी के मुताबिक उनका सफारी कैंटर रास्ते में खराब हो गया था। आरोप है कि उनका गाइड ने उन्हें वहीं छोड़कर भाग गया था जिसके चलते पर्यटक करीब 90 मिनट तक वहीं फंसे रहे। इन पर्यटकों में महिलाएं, बच्चे समेत कई लोग शामिल थे। उनका आरोप है कि गाइड ये कहकर वहां से भाग गया कि वह दूसरा कैंटर लगवा देगा। इसके बाद उसने पर्यटकों से बदसलूकी भी की और उन्हें वहीं छोड़कर चला गया। यह भयावह स्थिति तब शुरू हुई जब शाम लगभग 6 बजे महिलाओं, बच्चों और अन्य पर्यटकों को ले जा रहा कैंटर खराब हो गया। पर्यटकों ने आरोप लगाया कि उनका गाइड यह कहकर गाड़ी छोड़कर चला गया कि वह दूसरा कैंटर लगवा देगा, लेकिन बदसलूकी करने के बाद भाग गया। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक पर्यटकों ने इस घटना का वीडियो भी बनाया। इसमें बच्चे मोबाइल की रोशनी में अंधेरे में बैठे और जंगल के बीचों-बीच डर के मारे रोते हुए दिखाई दिए। जजानकारी के मुताबिक यहां 60 से ज्यादा बाग रहते हैं। इसके अलावा तेंदुओं, भालूओं और दलदली मगरमच्छों की भी यहां अच्छी-खासी आबादी है। रिपोर्ट के मुताबिक र्यटक शाम 6 बजे से 7:30 बजे तक जंगल में फंसे रहे, उसके बाद उन्हें आखिरकार बचा लिया गया। रणथंभौर टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ने कहा कि पार्क में पर्यटकों की सुरक्षा हमारे लिए सबसे जरूरी है।



## ईशान किशन दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर, आकाश दीप को आराम की सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन दलीप ट्रॉफी के पूर्वी क्षेत्र के पहले मैच से बाहर रहेंगे क्योंकि वह वर्तमान में यूके में नॉटिंघमशायर के साथ काउंटी क्रिकेट के दौरान लगी चोट से उबर रहे हैं। 28 नवंबर से शुरू होने वाले इस मुकाबले के लिए किशन की जगह पूर्वी क्षेत्र की टीम में ओडिशा के आशीर्वाद स्वैन को शामिल किया गया है। किशन को चोट के कारण कई टांके लगाने पड़े, यही वजह है कि उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले ऋषभ पंत की जगह नहीं चुना गया था, क्योंकि सुपरस्टार बल्लेबाज पैर की चोट के कारण बाहर हो गए थे।

आखिरकार, ध्रुव जुरेल के बैकअप के रूप में तमिलनाडु के नारायण जगदीशन को उनकी जगह लिया गया। किशन की चोट गंभीर नहीं है क्योंकि पूर्वी क्षेत्र के लिए अभियान के पहले मैच में न खेल पाना एहतियाती कदम है क्योंकि वह अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो चार दिवसीय मैच खेलने वाली भारत ए टीम में शामिल होने के लिए दौड़ में हो सकते हैं। किशन बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी रिकवरी और मूल्यांकन जारी रखेंगे। कुमार कुशाग्र उनकी जगह पहली पसंद के विकेटकीपर के रूप में खेल सकते हैं। इसके अलावा पूर्वी क्षेत्र को तेज गेंदबाज आकाश दीप की सेवाएं भी नहीं मिलेंगी क्योंकि उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है।

उनकी चोट या अन्य परेशानी को लेकर कोई जानकारी नहीं है। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर जहां वह पीठ दर्द के कारण चौथे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे, उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 13 विकेट लिए थे, जिसमें बर्मिंघम में 10 विकेट भी शामिल है और उन्होंने ओवल में अंतिम टेस्ट मैच में एक शानदार अर्धशतक भी बनाया था। असम के मुख्तार हुसैन ने अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम में उनकी जगह ली है। ईस्ट जोन अपने अभियान की शुरुआत शुभमन गिल की अगुवाई वाले नॉर्थ जोन के खिलाफ स्टेडियम में करेगा। रियान पराग, ईश्वरन को उप-कप्तान के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। टीम में मोहम्मद शमी भी शामिल हैं, जिन्होंने पिछले दो सालों में सिर्फ एक प्रथम श्रेणी मैच खेला है और मुकेश कुमार भी।

### दलीप ट्रॉफी के पहले मैच के लिए ईस्ट जोन की टीमः

अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), आशीर्वाद स्वैन (विकेट कीपर), संदीप पटनायक, विराट सिंह, दानिश दास, श्रीदम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेट कीपर), रियान पराग (उप-कप्तान), उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जायसवाल, मुकेश कुमार, मुख्तार हुसैन और मोहम्मद शमी।

एशिया कप के लिए भारतीय टीम चयन

# गिल की पहेली को सुलझाना सबसे बड़ी चुनौती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की राष्ट्रीय चयन समिति संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए मंगलवार को जब 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी तो उसके सामने एक मजबूत टी20 ढांचे में शुभमन गिल जैसे शानदार बल्लेबाज को फिट करना सबसे बड़ी चुनौती होगी। इंग्लैंड दौरे ने अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले गिल के लिए 9 से 28 सितंबर तक होने वाले महाद्वीपीय टूर्नामेंट में खेलने वाली टीम में जगह बनाना मुश्किल नजर आ रहा है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए यह सबसे बड़ी पहेली होगी, लेकिन भारतीय क्रिकेट इस समय टी-20 प्रतिभाओं का कारखाना है, जिसमें कम से कम 30 खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आने के लिए तैयार हैं और एक स्थान के लिए तीन से चार विकल्प उपलब्ध हैं। बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष तीन स्थानों के लिए समान योग्यता रखने वाले छह क्रिकेटर उपलब्ध हैं। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने पिछले सत्र में राष्ट्रीय टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन गिल, यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन को भी उनसे कम करके नहीं आंका जा सकता। गेंदबाजी में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई के बीच एक स्थान के लिए संघर्ष है। इन सबमें सबसे चतुर खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को लंबे समय से नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। लेकिन चयनकर्ता केवल 15 खिलाड़ियों का ही चयन कर सकते हैं और टी-20 टीम के निर्णय लेने वाले पदों पर बैठे लोगों का दृष्टिकोण दिलचस्प है। टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से अंतिम एकादश में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना सही नहीं होगा। दूसरी विचारधारा यह है कि भारतीय क्रिकेट सभी प्रारूपों में खेलने वाले एक कप्तान के साथ सही दिशा में आगे बढ़ता है जो उसका सबसे बड़ा मार्केटिंग ब्रांड भी बन जाता है।

डूरंड कपः

## डूरंड कप में ईस्ट बंगाल की मोहन बागान पर 2-1 से जीत, सेमीफाइनल में डायमंड हार्बर एफसी की चुनौती

**कोलकाता/जमशेदपुर, एजेंसी।** मोहन बागान ने अनिरुद्ध थापा के 68वें मिनट में किए गोल से वापसी करने की कोशिश की लेकिन ईस्ट बंगाल ने मजबूत रक्षण से अपनी पकड़ बनाए रखी। ईस्ट बंगाल का सेमीफाइनल में 20 अगस्त को डायमंड हार्बर एफसी से मुकाबला होगा जिसने पदार्पण वर्ष में जमशेदपुर को 2-0 से हराया।



यूनान के स्ट्राइकर और स्थानापन्न खिलाड़ी दिमित्रियोस डायमांताकोस के दो गोल की मदद से ईस्ट बंगाल टीम ने रविवार को 134वें डूरंड कप फुटबाल के रोमांचक कोलकाता डर्बी में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान को 2-1 से हराकर चौंका दिया। 18वें मिनट में मैदान पर आए डायमांताकोस ने 38वें मिनट में पेनाल्टी स्पॉट से गोल किया और फिर दूसरे हाफ के सातवें मिनट बाद ही अपने दूसरे गोल के साथ ईस्ट बंगाल की बढ़त को दोगुना कर दिया। मोहन बागान ने अनिरुद्ध थापा के 68वें मिनट में किए गोल से वापसी करने की कोशिश की लेकिन ईस्ट बंगाल ने मजबूत रक्षण से अपनी पकड़ बनाए रखी।

ईस्ट बंगाल का सेमीफाइनल में 20 अगस्त को डायमंड हार्बर एफसी से मुकाबला होगा जिसने पदार्पण वर्ष में जमशेदपुर को 2-0 से हराया। सैरुआटकिमा ने मैच के तीसरे और 41वें मिनट में गोल किए।

## करियर की सबसे बुरी हार से टूटे नेमार, फूट-फूटकर रोए, सैंटोस के भड़के फैंस ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राजील के सुपरस्टार नेमार रविवार (18 अगस्त) को अपने पेशेवर क्लब करियर की सबसे बुरी हार से टूट गए। वह फूट-फूटकर रोते दिखे। सैंटोस को ब्राजीलियन सेरी ए मैच में वास्को दा गामा के हाथों 0-6 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे हाफ में छह में से पांच गोल दागे जाने के बाद सदमे में डूबे नेमार फुल टाइम के बाद रोते दिखे। इस जीत के साथ 16वें स्थान पर काबिज वास्को दा गामा का सैंटोस से दो अंक पीछे 19 अंक रह गया।

दोनों क्लब चार टीमों वाले रीलीगेशन जोन से बस थोड़ा आगे थे। लुकास पिटोन के शुरुआती गोल के बाद लिवरपूल और बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड कॉटिन्हो ने दूसरे हाफ में वास्को के लिए दो गोल दागे। डेविड कोरेया डी फोंसेका, रेयान और डैनिलो नेवेस के गोलों ने शानदार स्कोरलाइन को और मजबूत किया।

**प्रशंसकों ने विरोध किया, कोच को बर्खास्त किया गयाः** नेमार को सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य और वास्को दा गामा के मुख्य कोच फर्नांडो डिनिज ने सांत्वना दी जब वह ड्रेसिंग रूम की ओर वापस लौट रहे थे। सैंटोस ने परिणाम पर



अपनी नाराजगी व्यक्त की और मैदान की ओर पीठ करके विरोध जताया। इस अपमानजनक हार के परिणामस्वरूप मुख्य कोच क्लेबर जेवियर को तत्काल बर्खास्त कर दिया गया।

जून में अपने बचपन के क्लब के साथ एक नया अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाले नेमार ने कहा, मुझे शर्म आ रही है। मैं हमारे प्रदर्शन से पूरी तरह निराश हूं।

प्रशंसकों को विरोध करने का पूरा अधिकार है, जाहिर है बिना हिंसा केज लेकिन अगर वे गाली देना और अपमान करना चाहते हैं तो उन्हें पूरा हक है। नया कोच आते ही सुनील छेत्री पर गिरी गाज, नेशंस कप के लिए भारत के 35 संभावित खिलाड़ियों में नाम नहीं

**बाहिया के खिलाफ अगले मैच से बाहर नेमारः** नेमार ने कहा, यह बेहद शर्मिंदगी का एहसास है। मैंने जिंदगी में ऐसा पहले कभी नहीं देखा। बदकिस्मती से, ऐसा हुआ। आंसू गुस्से से थे। बदकिस्मती से मैं किसी भी तरह से मदद नहीं कर सकता। खैर यह पूरी तरह से बकवास था। यही सच्चाई है। जले पर नमक छिड़कते हुए नेमार को इस सत्र का तीसरा येलो कार्ड भी मिला। इससे वह बाहिया के खिलाफ अगले मैच से बाहर हो गए।

## डायमंड लीगः भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद जारी नवीनतम तालिका के हिसाब से डायमंड लीग फाइनल के लिए जगह पक्की कर ली है। नीरज ने दो डायमंड लीग मीट में हिस्सा लिया और वह 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं।



भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग 2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह मुकाबला स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होगा। गत विश्व चैंपियन नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया डायमंड लीग मीट में हिस्सा नहीं लिया था और उनके 22 अगस्त को ब्रसेल्स में होने वाले अगले डायमंड लीग चरण में हिस्सा लेने की भी जानकारी नहीं है।

हालांकि, इससे कोई फर्क नही पड़ता है कि वह ब्रसेल्स में हिस्सा लेंगे या नहीं क्योंकि नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद जारी नवीनतम तालिका के हिसाब से डायमंड लीग फाइनल के लिए जगह पक्की कर ली है। नीरज ने दो डायमंड लीग मीट में हिस्सा लिया और वह 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। नीरज एक चरण में शीर्ष पर रहे थे, जबकि एक अन्य डायमंड लीग मीट में दूसरे स्थान पर थे। नीरज से आगे 17 अंक लेकर केशोर्न वालकॉट और 15 अंकों के साथ जूलियन वेबर हैं। ब्रसेल्स चरण के बाद तालिका में शीर्ष छह पर रहने वाले एथलीट ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे।

### इस सीजन बेहतरीन रहा है नीरज का प्रदर्शन

नीरज ने आखिरी बार पांच जुलाई को बंगलूरू में हुए नीरज चोपड़ा क्लासिक में हिस्सा लिया था जहां उन्होंने 86.18 मीटर का थ्रो कर खिताब जीता था। नीरज के लिए यह सीजन अब तक शानदार रहा है क्योंकि उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में बहुप्रतिक्षित 90 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया था। उन्होंने 90.23 मीटर का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका था और वह वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। इसके बाद नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान प्राप्त किया था। नीरज 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाले विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे।

सीपीएल 2025ः

# मुनरो का तूफानी शतक पूरन का रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉलिन मुनरो की 57 गेंदों में 120 रनों की ऐतिहासिक पारी से ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स को 12 रनों से हरा दिया। 38 साल के न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी ने 14 चौके और छह छक्के लगाए।

इस पारी के साथ वह शाहरुख खान की टीम ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने निकोलस पूरन का रिकॉर्ड तोड़ा। वह सीपीएल में संयुक्त रूप से तीसरे सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर वाले खिलाड़ी बन गए। मुनरो ने एलेक्स हेल्स (27 गेंदों पर 47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 114 रन जोड़े। इससे ट्रिबागो नाइट राइडर्स का स्कोर 231/5 हो गया। यह टूर्नामेंट के इतिहास का सातवां सर्वोच्च स्कोर था। सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के लिए काइल मेयर्स (32) और आंद्रे फ्लेचर (41) ने पहले विकेट के लिए 80 रनों की साझेदारी की, लेकिन यह जोड़ी पांच गेंद के अंदर स्पिनर उस्मान तारिक और अकील होसेन का शिकार बन गई।

### नाइट राइडर्स तालिका में शीर्ष पर पहुंची

कप्तान होल्डर ने 22 गेंदों में 44 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम 7 विकेट पर 219 ही बना पाई। अपने पहले मैच में जीत से नाइट राइडर्स तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। पैट्रियट्स तीन मैचों में एक जीत के साथ एक स्थान गिरकर तीसरे नंबर पर आ गई। मुनरो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन दुनिया भर की टी20 लीग में अपनी धाक जमाए हुए हैं। उन्होंने चार साल बाद अपना पहला टी20 शतक लगाया। इससे पहले वह सीपीएल में दो साल पहले सेंट लूसिया किंग्स के लिए खेले थे।

### ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए सर्वश्रेष्ठ पारी

ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए सर्वश्रेष्ठ पारी कोलिन मुनरो के नाम हो गई। इस टीम के लिए उन्होंने दूसरा शतक लगाया। इससे पहले सर्वश्रेष्ठ पारी निकोलस पूरन के नाम था। पूरन ने बारबडोस रॉयल्स के खिलाफ 2023 में नाबाद 102 रन बनाए। इसके अलावा वह 101 रन की पारी के साथ तीसरे नंबर पर भी काबिज हैं। मुनरो और मार्टिन गुप्टिल नाबाद 100 रन की पारी खेल चुके हैं।



## पूर्व चयनकर्ता का बयान, प्रसिद्ध कृष्णा से पहले इस खिलाड़ी को मिलेगी प्राथमिकता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता और 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य क्रिस श्रीकांत ने आगामी टी20 एशिया कप 2025 के लिए मोहम्मद सिराज का समर्थन किया। श्रीकांत को लगता है कि 31 वर्षीय सिराज को तेज गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल किए जा सकते है। श्रीकांत ने कहा, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह का चयन तय है। मेरा मानना है कि सिराज को प्रसिद्ध कृष्णा पर तरजीह दी जाएगी। उनमें लड़ने के गुण है। प्रसिद्ध ने आईपीएल में बहुत अच्छी गेंदबाजी की थी।

उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन अतिरिक्त मध्यम तेज गेंदबाज के रूप में सिराज को चुना जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, सच कहूं तो, प्रसिद्ध और सिराज दोनो ने गुजरात



टाइटन्स के लिए अच्छी गेंदबाजी की। लेकिन मौजूदा फॉर्म को देखते हुए, सिराज में लय के साथ-साथ गति भी है। मैं सिराज के साथ खेलना जारी रखूंगा। श्रीकांत को यकीन नही है कि कुलदीप यादव टीम में जगह बना पाएंगे या नही। उन्होंने स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर का समर्थन किया। कुलदीप यादव को जगह मिलती है या नहीं, यह तो देखना होगा। वह 15 खिलाड़ियो में शामिल हो सकते है, लेकिन मुझे नही लगता कि अगर वाशिंगटन सुंदर खेल रहे है तो वह अंतिम एकादश में होंगे।

मैं वाशिंगटन सुंदर को चुनूंगा। बाएं हाथ के बल्लेबाजो के खिलाफ आपको एक ऑफ स्पिनर की जरूरत होती है। वरुण चक्रवर्ती का चुना जाना तय है।

# जुलाई माह की सीएम हेल्पलाइन के निराकरण पर फोकस करें: कलेक्टर



**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग जारी होने में 2-3 दिन का समय शेष है। सभी विभाग जुलाह माह की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में फोकस कर अधिकाधिक रूप से संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग ए श्रेणी में आने का प्रयास करें। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। इस मौके पर सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम सोमेश द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा, अधीक्षण यंत्री प्रमिल मिश्रा सहित जनपद के सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायतकर्ता से बातचीत करें तो संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत बढेगा। नागरिक आपूर्ति निगम, ऊर्जा, नगरीय विकास, राजस्व, लोक स्वास्थ्य, जल संसाधन, सामान्य प्रशासन विभाग और अधिक मेहनत कर बी अथवा ए श्रेणी में आये। प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना की समीक्षा में कलेक्टर ने नगरीय निकायवार समीक्षा करते हुए कहा कि कच्चे घरों की अधिकता वाली बस्ती को चिन्हित कर आबादी अथवा धारणाधिकार प्राप्त हितग्राहियों की भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का प्रोजेक्ट बनायें। उन्होंने चित्रकूट नगर पंचायत के थर पहाड, बटोही और पोखरवार के रहवासियों के लिए भी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत बडे प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिये। नगर पंचायत चित्रकूट के सीएमओ अंकित सोनी के बिना पूरी तैयारी किये बैठक में शामिल होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसी तरह रामपुर बघेलान नगर पंचायत में बन चुके प्रधानमंत्री आवास एएचपी घटक में अब तक हितग्राहियों को शिफ्ट नहीं करने पर सीएमओ को एक सप्ताह की वेतन काटने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गयें। कलेक्टर ने कहा कि गुरूवार को अपरान्ह 3 बजे से एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा की जायेगी। इसी प्रकार गुरूवार की शाम 4 बजे से एसडीएम, तहसीलदार, जिला संयोजक जनजातीय कार्य, संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव, पटवारी और वन विभाग के बीट गार्ड की बैठक लेकर वन अधिकार अधिनियम के तहत दावों के निराकरण और समीक्षा की जायेगी। बताया गया कि ऐसे 10 गांव है। जिनमें वन अधिकार अधिनियम के तहत समस्या आ रही हैं।

अंतर्रविभागीय मामलों में कलेक्टर ने रीवा-सतना रेल्वे लाइन दोहरीकरण के भू-अर्जन की समीक्षा की। उन्होंने बगहाई कोठार में रेल्वे का कार्य रोकने वाले व्यक्तियों की सूचना नहीं देने पर रेल्वे के अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने पूर्व में निर्देशित किया था कि जिले में विकास परियोजनाओं के कार्य रूकने नहीं चाहिए। कही रूकावट की स्थिति हो तो संबंधित एसडीएम और कलेक्टर को विभाग सूचित करेंगे। रेल्वे लाइन दोहरीकरण के भू-अर्जन कार्य में लेट-लतीफी पर कलेक्टर ने एसडीएम रामपुर बघेलान आरएन खरे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

# डबल लॉक वितरण केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक बटेंगे टोकन

## खाद वितरण प्रातः 11 बजे से शुरू होगा

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार सतना जिले के किसानों को सुगमता पूर्वक डबल लॉक वितरण केन्द्रों से खाद का वितरण किया जा सके। इसके लिए 19 अगस्त से सतना स्थित जिला विपणन संघ के संचालित डबल लॉक वितरण केन्द्रों में नई व्यवस्था प्रारंभ की जा रही है। इसके अनुसार जिला विपणन संघ के डबल लॉक वितरण केन्द्र शेरगंज और डबल लॉक वितरण केन्द्र सिविल लाइन के वितरण स्थल कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय में प्रात: 7 बजे से प्रात: 11 बजे तक किसानों को टोकन वितरित किये जायेंगे। इसके उपरांत खाद वितरण कार्य इन्हीं स्थानों पर प्रात: 11 बजे के बाद शुरू होगा। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आशीष पाण्डेय ने बताया कि सतना जिले में जिला विपणन संघ के दोनों डबल लॉक




स्थल पर प्रात: 7 बजे से टोकन बांटे जायेंगे। टोकन प्राप्त करने के लिए किसानों को आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका और खसरा अनिवार्य होगा। कार्यालय कृषि अभियांत्रिकी सतना के परिसर में निजी फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के काउंटर भी लगाये जायेंगे। जहां पर पीओएस मशीन से स्टाक की उपलब्धता के अनुसार वितरण पर्ची टोकन जारी किये जायेंगे। जिन किसानों को सोमवार के दिन पास मशीन से वितरण पर्ची प्राप्त नहीं हुई है। वे 19 अगस्त को प्रात: 7 बजे पहुंचकर अपनी वितरण पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। जिले में उच्च गुणवत्ता व मानक स्तर के उत्पाद कृषकों को उपलब्ध कराने के दृष्टिगत कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा अधिकारियों को निरंतर निरीक्षण के आदेश दिये गये हैं। इसके अनुसार सोमवार के दिन सभी एसडीएम, तहसीलदार, सहकारिता, केन्द्रीय सहकारी बैंक और मार्कफेड विभाग के अधिकारियों को कलेक्टर ने टीएल बैठक से छूट प्रदान करते हुए फील्ड में जाकर किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक वितरण कराने के निर्देश दिये गये थे।

# पैक्स समितियों में उपलब्ध है 331.6 एमटी यूरिया

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने उप संचालक कृषि को किसानों की सुविधा के लिए उर्वरक का पैक्स समितियों एवं प्राइवेट दुकानों में उपलब्ध स्टाक की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिये हैं। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले की 25 पैक्स सोसायटी पोडी कला, बडवार, दलदल, जनार्दनपुर, सज्जनपुर, ओबरा, सुकवाह, जसो, जरियारी, नकैला, सोनवारी, पतवारा, लदबद, कोटा, मचखडा, पकरिया, बठिया, हिरौंदी, रामस्थान, बेरमा, बराखुर्द, कौहारी, सितपुरा, बकिया और रीछुल में 331.605 एमटी यूरिया उपलब्ध है।

इसी प्रकार सतना और मैहर जिले की 111 प्राइवेट दुकानों तथा प्राइवेट होल सेलर के पास 913.306 एमटी यूरिया विक्रय के लिए उपलब्ध है। मार्कफेड के नागौद, उचेहरा, सतना, देवराजनगर, सतना सिविल लाइन, अमरपाटन में 241.695 एमटी यूरिया तथा एमपी स्टेट एग्रो उचेहरा एवं सतना एग्रो में 25.73 एमटी यूरिया उपलब्ध है। वही 19 पैक्स समितियों में 228.45 एमटी डीएपी भण्डारित है। प्राइवेट क्षेत्र में 46 दुकानों में 314.4 मी. टन डीएपी की उपलब्धता है। एनपीकेएस उर्वरक मार्कफेड में सतना, नागौद, शेरगंज, सतना मार्कफेड में 235.75 एमटी और 16 पैक्स समितियों में 163 एमटी एनपीकेएस तथा 111 प्राइवेट दुकान और होल सेलर के पास 1353.3 एमटी एनपीकेएस उर्वरक उपलब्ध है। सतना और मैहर जिले में सोमवार तक उर्वरकों की उपलब्धता पैक्स समितियों में 331 मेट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। कुल 1752 मेट्रिक टन खाद जिले में उपलब्ध हैं।

# द्वारका-सोमनाथ तीर्थदर्शन यात्रा के लिए 13 अक्टूबर तक लिये जायेंगे आवेदन

**मैहर।** अपर कलेक्टर मैहर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 25 अक्टूबर को द्वारका-सोमनाथ तीर्थदर्शन कार्यक्रम की यात्रा प्रस्तावित है। तीर्थ यात्रा में मैहर जिले के सुपात्र नगरवासी अपने आवेदन 13 अक्टूबर तक प्रस्तुत कर सकते हैं। यात्रा प्रारंभ होने की तिथि 25 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। जिले के शहरी क्षेत्रों के आवदेन नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्रों के आवेदन जनपद पंचायत कार्यालयों में लिये जायेंगे। तीर्थ दर्शन यात्रा में वरिष्ठ नागरिक जो 60 वर्ष से अधिक आयु के हों तथा करदाता नहीं हो।

# सतना जिले में चलेगा आदि कर्मयोगी अभियान

## मास्टर ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रषिक्षण 20 से 22 अगस्त तक

**सतना।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय से प्राप्त निर्देशानुसार मध्यप्रदेश के 17 जिलों मंडला, छिंदवाडा, डिंडोरी, सिवनी, बालाघाट, शिवपुरी, गुना, श्योपुर, धार, शहडोल, अनूपपुर, बैतूल, उमरिया, रतलाम, रीवा, सतना और सिंगरौली में आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जायेगा। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न बैठक में शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में प्रशिक्षण आदि तैयारियों की समीक्षा की गई। अभियान के तहत विकासखण्ड मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला 20 से 22 अगस्त तक आयोजित होगा।

जिला संयोजक आदिम जाति डॉ. अरूण शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक ब्लाक में 5 मास्टर ट्रेनर्स होंगे। जिनमें एक अधिकारी पंचायत ग्रामीण विकास विभाग और एक-एक अधिकारी महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, जल जीवन या पीएचई, वन विभाग से शामिल होंगे। प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं मानीटरिंग जिला कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत (जिला नोडल अधिकारी) और जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग (सहायक नोडल अधिकारी) के माध्यम से होगी। अभियान के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट रिस्पांसिव गवर्नेस ग्रुप का गठन होगा। जिसमें 5 विभागों के अधिकारी और एनजीओ प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। विकासखण्ड स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में विकासखण्ड रिस्पांसिव गवर्नेस ग्रुप और पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव के समन्वय में एसडीएम द्वारा पंचायत रिस्पांसिव गवर्नेस ग्रुप का गठन किया जायेगा। सतना जिले के 286 धरती आबा अभियान चिन्हिंत गांवों में यह अभियान चलाया जायेगा। प्रदेश के चिन्हित जनजातीय बहुल्य 41 जिलों में से प्रथम चरण में 17 और द्वितीय चरण में 24 जिलों में आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जायेगा। कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान के लाइन विभागों की बैठक लेकर तैयारियों संबंधी निर्देश दिये।

# प्रभारी मंत्री ने ग्राम जनवार में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

## प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की गई अपील

**पन्ना।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने आज पन्ना विकासखण्ड के ग्राम जनवार पहुंचकर उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्य पोषित योजना अंतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण की प्रभारी मंत्री द्वारा सराहना की गई। उन्होंने कहा कि गैर परंपरागत खेती के इच्छुक कृषकों को आगे बढ़ाने का यह बढ़िया माध्यम है। नवीनतम तकनीक और नवाचार के जरिए यह प्रयास किसानों के लिए लाभदायक साबित होगा। उन्होंने किसानों से उत्साहपूर्वक उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के प्रयास तथा इसके माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनने की राह पर अग्रसर होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि परंपरागत खेती में कम आय के कारण उद्यानिकी फसलों का उत्पादन करना किसानों के लिए लाभकारी है।






प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा भी किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लिए निर्धारित लक्ष्य और कार्ययोजना अनुसार कार्य किया जा रहा है। उद्यानिकी फसलों की पैदावार सहित प्राकृतिक और जैविक खेती का प्रयास भी इसमें शामिल है। इसके लिए अन्य ग्रामवासी भी आगे आएं। उन्होंने कहा कि खेती की पुरानी पद्धति में यूरिया और खाद का उपयोग खेत और फसल के लिए हानिकारक है। इससे छोटे बच्चों में बीमारी के साथ ही परिवार की कृषि से अर्जित आय बीमारी के उपचार में व्यय होती है। इसलिए रासायनिक खाद के उपयोग से बचें और विभिन्न तरीकों से निर्मित जैविक खाद के साथ कीट व्याधि से बचाव के लिए भी जैविक कीटनाशकों के उपयोग को प्रोत्साहन दें, जिससे नई पीढ़ी को बीमारियों से बचाव में मदद मिल सके।

प्रभारी मंत्री द्वारा पेस्टीसाइड सहित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने और पर्यावरण की रक्षा में योगदान की अपील की गई। उन्होंने कहा कि अच्छी खेती कर धरती माता के स्वास्थ्य की रक्षा भी करें। कृषकों से कृषि कार्य में नवकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने तथा इससे संबंधित योजनाओं का लाभ लेने की अपील भी की गई। उन्होंने कहा कि लोग स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं एवं सामग्री का उपयोग करें और स्वदेशी आंदोलन से जुड़ें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उद्यानिकी खेती को बढ़ावा देने के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी भी उन्होंने दी। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं में मिलने वाले अनुदान के बारे में भी अवगत कराया। प्रभारी मंत्री द्वारा ग्रामवासियों को बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के हितग्राहियों को चेक का वितरण किया गया। इसके अलावा सब्जी क्षेत्र विस्तार योजना के तहत सामग्री व किट तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की योजना में 50 प्रतिशत अनुदान पर सामग्री भी वितरित की गई। उच्च शिक्षा मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आंवले का पौधा भी रोपा। कार्यक्रम स्थल पर उद्यानिकी विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। विभाग के सहायक संचालक पी.के. श्रीवास्तव ने विभागीय योजनाओं तथा क्लस्टर विकास योजना की जानकारी से अवगत कराया। साथ ही आदिवासी परिवारों द्वारा कम जमीन पर उन्नत खेती के बारे में भी जानकारी प्रदान की। प्रभारी मंत्री ने उद्यानिकी कृषक लखनलाल कुशवाहा के खेत का भ्रमण किया। इस अवसर पर कृषक द्वारा अवगत कराया गया कि परंपरागत खेती के स्थान पर तीन पीढ़ियों से सब्जी एवं फल उत्पादन कर बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं। उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के बारे में भी जानकारी दी। कृषक ने प्रभारी मंत्री को खीरे की टोकरी भी भेंट की और आत्मीय स्वागत भी किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने खीरे का स्वाद भी चखा। इस दौरान भाजपा अध्यक्षबृजेंद्र मिश्रा कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, एसडीएम संजय नागवंशी सहायक संचालक उद्यान प्रदीप धर्मेंद्र सिंह नारायण सिंह किशोर सिंह हाकम सिंह आसारामसहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। ग्रामीण उद्यान विकास अधिकारी संजीत बागरी ने आभार प्रदर्शन किया।

# कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अजयगढ़ में निकाली गई भव्य शोभायात्रा




**अजयगढ़।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्म में नगर में निकाली भव्य शोभा यात्रा सर्वप्रथम रेस्ट हाउस अजयगढ़ में भगवान के बाल स्वरूप की पूजा अर्चना पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इंदल सिंह परमार एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन यादव, मंडल अध्यक्ष सुरेश यादव और कृष्ण सेवा समिति के सदस्य संजय सुल्हेरे, आशीष यादव, महेंद्र कुमार गुप्ता, अनंत यादव आदि की तत्पश्चात माधवगंज चौराहे से बैंड ढोल नगाड़े आतिशबाजी डीजे के साथ भगवान श्री कृष्ण की विशाल शोभायात्रा निकल गई जिसमें हजारों की तादाद में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग उपस्थित रहे शोभा यात्रा का भ्रमण माधवगंज चौराहे से प्रारंभ हुआ जो जय स्तंभ होते हुए पुरानी तहसील खोह मोहल्ला पावर हाउस कछियाना मोहल्ला से होते हुए थाने के सामने से रामबाग मंदिर अजयगढ़ में समापन किया गया उक्त शोभायात्रा में यादव महासभा के अध्यक्ष नत्थू सिंह यादव, विमल यादव, सुरेश यादव मंडल अध्यक्ष, मातादीन यादव, नत्थू यादव सरपंच बरकोला, शिवजीत सिंह भैया राजा, भारत मिलन पांडे, जितेन्द्र यादव, मुख्खी यादव, लोकेंद्र यादव, श्री चंद यादव ,इंद्र सिंह यादव ,कपूर यादव और बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित रहे।

# स्थानांतरण एवं मनमानी को लेकर पवई विधायक ने प्रभारी मंत्री को खरी खोटी सुना कर किया बैठक का बहिष्कार

**पन्न।** पन्ना जिला मुख्यालय में प्रभारी मंत्री तथा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की बैठक स्थानीय कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई थी उक्त बैठक में प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह गुनौर विधायक राजेश वर्मा पवई विधायक प्रहलाद लोधी तथा कलेक्टर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे बैठक के दौरान पवई विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रभारी मंत्री से इस बात को लेकर नाराज हो गए की पिछले माह सरकार द्वारा अधिकारी कर्मचारियों के स्थानांतरण जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री के अनुशंसा पर किए जाने थे लेकिन प्रभारी मंत्री ने जिला स्तर पर कोई बैठक नहीं ली तथा भोपाल से मनमाने ढंग से स्थानांतरण कर दिए विधायक द्वारा की गई सिफारिश पर भी स्थानांतरण नहीं हुए जिससे विधानसभा क्षेत्र में अधिकारी कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं इसी बात को लेकर विधायक एवं प्रभारी मंत्री के बीच में काफी कहा सुनी हुई तथा विधायक प्रहलाद लोधी बैठक छोड़कर भाग गए जिससे आयोजित बैठक में सना का खिंच गया तथा उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शांति की मुद्रा में पहुंच गए।

# एथलीट धावक रहीम को दमोह सांसद राहुल लोधी ने किया सम्मानित

**पन्ना।** पन्ना से मैहर तिरंगा लेकर दौड़ लगाने वाले एथलीट धावक रहीम को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पन्ना प्रवास पर आए दमोह सांसद राहुल लोधी ने सम्मानित किया तथा उनको शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके जज्बे एवं मेहनत को प्रणाम करते हैं हमारी शुभकामनाएं आपके साथ हैं ज्ञात हो रहीम ने पन्ना से मैहर एक सो दस किलोमीटर का लंबा सफर तिरंगा लेकर दौड़ लगाते हुए पूरा किया जो पन्ना जिले के लिए गौरव की बात है युक्त सम्मान समारोह के दौरान प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य आशु मेहदेले मिस्टर राईन सहित अनेक खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वीरांगना अवंती बाई लोधी जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता भाईचारा सम्मेलन संपन्न

## सांसद राहुल सिंह लोधी, विधायक साध्वी रामसिया भारती पूर्व मंत्री कुसुम सिंह महदेले विधायक प्रहलाद लोधी सहित अनेक जनप्रतिनिधि हुए शामिल

**पन्ना।** हीरों, वीरों, झीलों, मंदिरों एवं बाघों के लिए विश्व विख्यात पवित्र नगरी पन्ना में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सन् 1857 की क्रांति में देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ जंग का ऐलान कर आखरी सांस तक युद्ध लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाली अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी जयंती के उपलक्ष में 17 अगस्त 2025 को विशाल वाहन रैली एवं राष्ट्रीय एकता व भाईचारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, विशिष्ट अतिथि मलहरा विधायक एवं साध्वी राम सिया भारती व पवई विधायक प्रहलाद लोधी सहित अनेक लोग हुए शामिल। पूर्व निर्धारित समय अनुसार दिन में 12 बजे एवरशाइन गार्डन इंद्रपुरी कॉलोनी से विशाल वाहन रैली




तिरंगा यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। हाथों में तिरंगा और धर्म ध्वज के साथ लोधी समाज के हजारों की संख्या में लोगों के साथ-साथ सर्व समाज के लोग पूर्व सैनिक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी पैदल एवं वाहनों में सवार होकर रवाना हुए, खुली जिप्सी में वीरांगना अवंती बाई की पोशाक में बालिकाएं भी शामिल हुई। डीजे की धुन में देशभक्ति गीतों नारों और जयकारों के साथ हजारों की संख्या में लोगों के साथ रैली एवं शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए आगे बढ़ती रही जगह-जगह पर गणमान्य नागरिकों के द्वारा जलपान एवं पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। वाहन रैली एवं शोभा यात्रा अजयगढ़ चौराहा, बड़ा बाजार, गोविंद मंदिर चौक, बलदाऊ मंदिर चौक, छत्रसाल पार्क, अंबेडकर चौक, गांधी चौक, पंचम सिंह चौराहा एवं महेंद्र भवन चौक से अजयगढ़ चौराहा होकर वापस एवर साइन गार्डन पहुंची जहां राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारा सम्मेलन के तहत मंचीय कार्यक्रम हुआ, मुख्य अतिथि सांसद राहुल सिंह लोधी ने वीरांगना अवंती बाई लोधी के द्यजीवन पर प्रकाश डालते हुए लोधी समाज के साथ-साथ उपस्थित सर्व समाज के लोगों को एकता और भाईचारा का संदेश देने के साथ शिक्षा को महत्व देने व अपनी जमीनों को नहीं बेचने का आह्वान किया, उन्होंने आने वाले भविष्य को स्वर्णिम बताते हुए कहा कि जमीन बेचने की गलती कभी ना करें यह आपकी सबसे बड़ी गलती हो सकती है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, मंगलवार 19 अगस्त 2025




अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयोजकत्व में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। उसी अवसर का दृष्य।



# राष्ट्रीय शिक्षा नीति चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास में सहायक होगी : उप मुख्यमंत्री

## शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के तत्वाधान में तीन दिवसीय कार्यशाला का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय शिक्षा नीति सहायक होगी। चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व का विकास जीवन के लिये महत्वपूर्ण है। संस्कारित शिक्षा परोपकर का मार्ग प्रशस्ति करती है। उप मुख्यमंत्री ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयोजकत्व में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया।




पं. शंभूनाथ शुक्ल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी ताकत भारतीय ज्ञान परंपरा है जिसके पुनरूत्थान का कार्य करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में समावेश किया गया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में विकास कार्यों के साथ सांस्कृतिक व देशहित के महत्वपूर्ण कार्य किये गये हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में समग्र विकास के आयाम निर्धारित किये गये हैं जो चरित्र निर्माण में अपनी भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा कि भारत विश्वगुरू बनने के मार्ग पर अग्रसर हैं। तीन दिवसीय कार्यशाला में नैतिक आधार के समावेश के साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा के गहन चिंतन का लाभ रीवा के छात्र व प्रबुद्धजन ले पायेंगे।

कार्यशाला में प्रमुख वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयोजक अतुल कोठारी ने कहा कि नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं पंचकोष के सिद्धांत का समावेश किया गया है ताकि समग्र विकास संभव हो सके। जरूरत है कि छात्र इसका अध्ययन करें और अपनी भूमिका तय करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मूल आधार एकाग्रता है। नवीन शिक्षा नीति में समग्र विकास के आयाम, निर्धारित किये गये हैं। उन्होंने अपेक्षा की कि तीन दिवसीय कार्यशाला के सार्थक परिणाम और रीवा वासी व छात्र-छात्राएँ इसका लाभ ले सकेंगे। कार्यशाला की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कुलगुरू प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने कहा कि राष्ट्रीय संस्कृति उत्थान न्यास शिक्षा बचाओ अभियान का नेतृत्व करता है। न्यास द्वारा विश्वविद्यालय में प्रथम आयोजन किया जा रहा है। समाज की आवश्यकता के अनुरूप कार्यशाला का लाभ विद्यार्थी व प्रबुद्धजन ले सकेंगे। कार्यशाला में स्मारिका एवं संकल्प पत्र का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, ओम शर्मा, प्रो. सुनील तिवारी, कुल सचिव सुरेन्द्र सिंह परिहार, अजय तिवारी विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, विद्यार्थी तथा प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## कलेक्टर 20 अगस्त को करेंगी आवास योजना की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 20 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में आवास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगी। बैठक में स्वच्छता मिशन, भू अर्जन के प्रकरणों, फायर एनओसी, आदि कर्मयोगी अभियान की भी समीक्षा की जाएगी। बैठक में आयुक्त नगर निगम, सभी एसडीएम, सीएमओ, उपयंत्री, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## कमिश्नर करेंगे उद्योग विभाग की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग श्री बीएस जामोद 20 अगस्त को उद्योग विभाग की योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। कमिश्नर कार्यालय में अपरान्ह 2.30 बजे से आयोजित बैठक में संभागान्तर्गत जिलों में उद्योग विभाग की योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की जायेगी।

# तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को जाएगी द्वारका और सोमनाथ

## तीर्थदर्शन योजना से बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थयात्रा का अवसर 25 अक्टूबर को

**रीवा।** शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की निःशुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है। इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को निःशुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है। इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों कों 25 अक्टूबर को द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थयात्रा का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व तथा संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने बताया कि तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। यह ट्रेन 31 अक्टूबर को वापस लौटेगी। इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ मऊगंज जिले के 179, सतना के 200 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी। तीर्थयात्रियों को सहयोग देने के लिए प्रत्येक जिले से चार अनुरक्षक भी उनके साथ जाएंगे। संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि आवेदक बुजुर्ग को आयकर दाता नहीं होना चाहिए। पात्र बुजुर्ग अपनी जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय अथवा नगरीय निकाय में 13 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी के माध्यम से तीर्थयात्रियों का चयन किया जाएगा। यात्रा के दौरान सभी तीर्थयात्रियों को ठहरने, भोजन, पानी, चाय और नाश्ते की निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। सभी तीर्थयात्री अपने साथ मौसम के अनुकूल कपड़े, अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री तथा दवाएं अपने साथ रखें। महिला तीर्थयात्रियों को आयु सीमा में दो वर्ष की छूट रहेगी।

# टीआरएस कॉलेज में रोजगार मेला 20 अगस्त को

रीवा

युवा संगम कार्यक्रम के तहत टीआरएस कॉलेज रीवा में 20 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 16 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा।

युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में भारत फ्यूचर माइंड्स इनोवेशन प्रा. लि. गाजियाबाद, सुजलॉन एनर्जी लि. अनन्तपुर आंध्रप्रदेश, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़, धूत ट्रांसमिशन औरांगाबाद, आमधनी प्रा. लि. एमआरएस टायर्स गुजरात, मिग्मा पैकट्रॉन प्रा. लि. इंदौर, ट्रायडेन्ट कंपनी बुधनी, सीहोर, प्रभा बायोप्लांटस प्रा. लि. रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा पुणे महाराष्ट्र, पेरेग्रीन गार्डिंग प्रा.लि. भरूच गुजरात, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल, श्री फूड प्रोड्क्स उद्योग विहार चोरहटा रीवा तथा बजाज अलियाज प्रा. लि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# रायपुर कर्चुलियान थाने के जप्तशुदा 54 मोटरसाइकिलों की होगी नीलामी

रीवा

रायपुर कर्चुलियान थाने में विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में जप्त और बरामद 54 मोटरसाइकिलों की नीलामी की जाएगी। इस संबंध में थाना प्रभारी अतुल त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस एक्ट 1861 की धारा 25 के प्रावधानों के तहत एसडीएम रायपुर कर्चुलियान द्वारा इस संबंध में कार्यवाही की जा रही है। जप्तशुदा 54 वाहनों की नीलामी 26 अगस्त को सुबह 11 बजे से थाना परिसर रायपुर में की जाएगी। नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदार को नीलामी की अंतिम राशि तत्काल जमा करनी होगी। नीलामी के पहले यदि कोई वाहन मालिक वैध दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत करता है तभी उस पर विचार किया जाएगा। नीलामी के संबंध में अंतिम निर्णय नीलामी के लिए नियुक्त अधिकारी तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान शारदा प्रसाद प्रजापति का होगा। नीलामी तथा वाहनों के संबंध में अन्य विवरण थाना रायपुर कर्चुलियान से प्राप्त किया जा सकता है।

# कमिश्नर ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

## स्वतंत्रता दिवस में सम्मानित किए गए अधिकारी और कर्मचारी

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित समारोह में कमिश्नर बीएस जामोद ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संभाग में बाढ़ के दौरान राहत और बचाव कार्य कुशलता से संपन्न कराने के लिए संभागीय कमाण्डेंट होमगार्ड आरएस पंगरे को सम्मानित किया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल को ई आफिस में उत्कृष्ट योगदान देकर रीवा संभाग को प्रदेश में दूसरे नम्बर पर पहुंचाने के लिए सम्मानित किया गया। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक



सामाजिक न्याय अनिल दुबे, उपायुक्त राजस्व श्रेयस गोखले, उपायुक्त डॉ दिव्या त्रिपाठी, संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा एमएस पैकरा, जिला प्रबंधक जल निगम चित्रांशु उपाध्याय तथा सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारियों संतोष पाण्डेय, कृष्णानंद पाण्डेय, रामकृष्ण त्रिपाठी, धीरेन्द्र साकेत, होमगार्ड सैनिक विष्णुकांत प्रजापति तथा शशिभूषण शर्मा को भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में अपर कमिश्नर श्रीमती नीतू माथुर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर मऊगंज ने 12 अधिकारियों को दिया कारण बताओ नोटिस

**मऊगंज।** मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर 12 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी हनुमना जगदीश राजपूत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मऊगंज रामकुशल मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हनुमना अरूण कुमार त्यागी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मऊगंज महेश पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नईगढ़ी हेमंत त्रिपाठी, बीईओ नईगढ़ी हिन्छलाल वर्मा, बीईओ मऊगंज शत्रुघ्न मिश्रा, बीईओ हनुमना देवेन्द्र मिश्रा, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सविता श्याम परस्ते, रविशंकर पाण्डेय, शंखधर त्रिपाठी एवं कनिष्ठ अभियंता ऊर्जा विभाग अजीत सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

## अमानक बीज बेचने पर चार दुकानों के लाइसेंस निरस्त

**रीवा।** उप संचालक कृषि तथा बीज रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी यूपी बागरी ने खाद-बीज बेचने वाली चार दुकानों के लाइसेंस निरस्त करने के आदेश दिए हैं। इनके द्वारा किसानों को बिक्री किए गए बीज के नमूने लेकर उनका अंकुरण परीक्षण कराया गया। परीक्षण में बीज अमानक पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की गई। इस संबंध में जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार मेसर्स शिव खाद बीज भण्डार रीवा, मेसर्स पाण्डेय खाद बीज भण्डार मऊगंज, मेसर्स न्यू शिव बीज भण्डार सिरमौर तथा मेसर्स प्रीति सिंह-इंद्रजीत सिंह हनुमना दुकानों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। बीजों के नमूने अमानक पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों को नोटिस दिया गया। नोटिस का संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर यह कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही बीज नियंत्रण आदेश 1983 के प्रावधानों के तहत की गई है।

## कृषि आदान विक्रेताओं का प्रशिक्षण

**रीवा।** जिले में कृषि आदान विक्रेताओं के लिये देशी डिप्लोमा प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। बीज/कीटनाशक/उर्वरक के लाइसेंसधारी आदान विक्रेताओं या 10वीं पास इच्छुक व्यक्ति जो देशी डिप्लोमा कोर्स हेतु आवेदन करना चाहते हैं परियोजना संचालक आत्मा कार्यालय जिला रीवा में मोबाइल नं. 8770210280 में संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# मतदान केन्द्रों के युक्ति युक्तकरण के संबंध में बैठक संपन्न

रीवा

जिले में 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध मं9 बैठक कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में संपन्न हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि जिले में 236 केन्द्रों में 1200 से अधिक मतदाता हैं। जिले के छ् विधानसभा क्षेत्रों में 211 नवीन मतदान केन्द्रों को प्रस्तावित किया गया है। 45 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किया गया। तदनुक्रम में छ् विधानसभा क्षेत्र में 1707 मतदान केन्द्र प्रस्तावित हैं। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिये तथा युक्तियुक्तकरण में सहमति रही।



# बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर के लिये प्रस्ताव आमंत्रित

रीवा

जिले को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजनांतर्गत 25 क्लस्टर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इन क्लस्टरों में 16 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर की स्थापना की जायेगी जिसके तहत एक लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी जो दो किश्तों में देय होगी। उप संचालक कृषि कल्याण यूपी बागरी ने बताया कि बीआरसी प्राकृतिक खेती हेतु आवश्यक जैव आदान तैयार कर किसानों को आपूर्ति करेगा एवं ऐसे किसान जो स्वयं के द्वारा जैव आदान तैयार नहीं कर सकते, उन्हें उचित मूल्य पर विक्रय कर उद्यम के रूप में विकसित किया जाएगा। जैव आदान तैयार करने हेतु आवश्यक कच्चे माल की उपलब्धता के लिए पौधों पर आधारित बायोमास, गौमूत्र, गोबर की आपूर्ति के लिए स्वयं अथवा निकटवर्ती गौशाला से अनुबंध उपरांत व्यवस्था कर सकते हैं। बीआरसी की स्थापना एवं संचालन हेतु इच्छुक एनजीओ/एफपीओ/ पंजीकृत गौशाला/ अन्य पंजीकृत संस्थाएँ, संबंधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/आत्मा कार्यालय में संपर्क कर आवेदन प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त कर 29 अगस्त तक प्रस्ताव दे सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये परियोजना संचालक आत्मा कार्यालय में सहायक तकनीकी प्रबंधक नीलेश तिवारी मोबाइल नं. 8770210280 से संपर्क किया जा सकता है।

## बजरंग नगर श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में मनया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**रीवा।** बजरंग नगर स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया। मंदिर के प्रधान पुजारी कमल पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि रात्रि 12 बजे कर्मयोगी भगवान श्रीकृष्ण का प्राकोटत्सव हुआ उपस्थित भक्त गणों ने ''नंद के घर आनन्द भयो जय कन्हैयालाल' के नारे से मंदिर प्रांगण को गुजायमान कर दिया। उन्होने आगे बताया कि ग्राम महसांव से आई भजन मण्डली ने सायंकाल 7 बजे से रात्रि 1 बजे तक मनमोहक भजनों की प्रस्तुत देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। रात्रि 1 बजे उपस्थित जनसमुदाय को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर की संस्थापिका अधिवक्ता वसुन्धरा वर्मा, नीशू वर्मा, मधुरिमा शुक्ला, सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन में ग्रेडिंग ए से कम हुई तो रूकेगा वेतन : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराकर विभागों की ग्रेडिंग में सुधार करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। अधिकारी स्वयं प्रकरणों का अध्ययन कर उनमें तथ्यपूर्ण उत्तर दर्ज कराएं। राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकाय प्रकरणों के



निराकरण पर विशेष ध्यान दें। जिन विभागों की सीएम हेल्पलाइन में ग्रेडिंग ए से कम हुई उनके प्रभारी अधिकारियों के वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने बिना सूचना बैठक से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए।

बैठक मे कलेक्टर ने कहा कि अपर कलेक्टर सामान्य प्रशासन विभाग में लंबित प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी समग्र पोर्टल एवं श्रम विभाग की संबल योजना से संबंधित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें। सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को तत्काल सहायता पहुंचाने के लिए ई डार पोर्टल शुरू किया गया है। इससे जुड़े विभाग दुर्घटना की सूचना पोर्टल में दर्ज होने पर तत्परता से कार्यवाही कर जानकारी पोर्टल में दर्ज करें। सड़क निर्माण से जुड़े विभागों के अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात को जिले का रोड नेटवर्क उपलब्ध करा दें जिससे इसे ई डार पोर्टल पर अपडेट किया जा सके। सभी अधिकारी मुख्यमंत्री जी के कार्यालय, मुख्य सचिव मानीटरिंग एवं मुख्यमंत्री मानीटरिंग के पत्रों पर कार्यवाही करके तत्काल प्रतिवेदन दें।

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए सभी अधिकारी हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी झण्डा दिवस की राशि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में जमा कर दें। इसे सीधे बैंक खाते और क्यूआर कोड के माध्यम से भी जमा करने की सुविधा है। बैठक में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कमलेश्वर सिंह ने मिशन कर्मयोगी योजना के तहत जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, डिप्टी कलेक्टर राजेश सिन्हा, सहायक कलेक्टर दृष्टि जायसवाल तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833